

Chapter
# 24
# हाइड्रोकार्बन

## एलिफैटिक हाइड्रोकार्बन (Aliphatic Hydrocarbon)

*“ऐसे कार्बनिक यौगिक जो केवल कार्बन एवं हाइड्रोजन से बने होते हैं, हाइड्रोकार्बन कहलाते हैं। हाइड्रोकार्बन दो प्रकार के होते हैं*

(1) *एलिफैटिक हाइड्रोकार्बन (एल्केन, एल्कीन, एल्काइन)*

(2) *एरोमैटिक (एरीन)*

### (1) एलिफैटिक हाइड्रोकार्बन के स्त्रोत

खनिज तेल, कच्चा तेल या पेट्रोलियम [पेट्रा $\rightarrow$ चट्टान; ओलियम $\rightarrow$ तेल] तैलीय गहरे रंग के विशिष्ट गन्ध वाले द्रव हैं, जो पृथ्वी की सतह के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न गहराई में पाये जाते हैं। यह सामान्यतः पृथ्वी की गर्त में चट्टानों के नीचे लवणीय जल के ऊपर तैरते हुए पाये जाते हैं।

(2) **संघटन** (Composition)

(i) ***एल्केन*** : यह 30 से 70% पायी जाती है जिसमें 40 कार्बन परमाणु तक वाले हाइड्रोकार्बन पाये जाते हैं, ये सीधी श्रृंखला वाले और कुछ शाखित श्रृंखला वाले हाइड्रोकार्बन होते हैं।

(ii) ***साइक्लोएल्केन*** : ये 16 से 64% तक पाये जाते हैं, इनमें मुख्यतः साइक्लोहैक्सेन, मेथिल साइक्लोपेन्टेन आदि होते हैं। साइक्लोएल्केन से युक्त तेल को *एसफेटिक तेल* भी कहते हैं।

(iii) ***एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन*** : ये 8 से 15% तक पेट्रोलियम में पाये जाते हैं, ये मुख्यतः बेन्जीन, टॉलुईन, जाइलीन, नेफ्थैलीन आदि होते हैं।

(iv) ***सल्फर, नाइट्रोजन तथा ऑक्सीजन यौगिक*** : ये 6% तक पाये जाते हैं एवं मरकेप्टन्स [R-SH], सल्फाइड्स [R-S-R] आदि के रूप में पाये जाते हैं। पेट्रोल की अरूचिकर गन्ध सल्फर यौगिकों के कारण पायी जाती है। नाइट्रोजनयुक्त यौगिक पिरिडीन, क्यूनोलीन, पायरोल आदि के रूप में तथा ऑक्सीजनयुक्त यौगिक एल्कोहल, फिनॉल तथा रेसिन के रूप में पाये जाते हैं. इसके अलावा क्लोरोफिल, हीमिन आदि भी इसमें पाये जाते हैं।

(v) ***प्राकृतिक गैस*** : यह मेथेन (80%) एथेन (13%), प्रोपेन (3%), ब्यूटेन (1%), निम्न क्वथनांक वाले पेन्टेन, हैक्सेन (0.5%) की वाष्प तथा नाइट्रोजन (1.3%) आदि का मिश्रण है। *L.P.G.* में ब्यूटेन एवं पेण्टेन होते हैं और यह रसोई गैस में उपयोग होती है। यह अत्यन्त ज्वलनशील है। इसमें मेथेन, नाइट्रोजन एवं एथेन होते हैं।

(vi) ***C.N.G.*** : उच्च दाब पर सम्पीड़ित प्राकृतिक गैस को CNG कहते हैं। प्राकृतिक गैस की ऑक्टेन रेटिंग 130 होती है। इसमें मुख्यतः मेथेन होती है तथा कुछ मात्रा में एथेन तथा प्रोपेन होते हैं।

(3) **पेट्रोलियम की उत्पत्ति का सिद्धान्त** : सिद्धान्त पेट्रोलियम से जुडी लाक्षणिकताओं को व्याखित करता है,

यह ब्राइन (सोडियम क्लोराइड विलयन) से जुड़ा होता है। इसमें नाइट्रोजन एवं सल्फर यौगिक, क्लोरोफिल एवं हीमिन की उपस्थिति होती है। यह प्रकाश सक्रिय यौगिक है तीन मुख्य सिद्धान्त निम्नलिखित है,

(i) मेंडलीफ का कार्बाइड सिद्धान्त या अकार्बनिक सिद्धान्त

(ii) ऐन्गलर सिद्धान्त या कार्बनिक सिद्धान्त

(iii) आधुनिक सिद्धान्त

(4) **पेट्रोलियम का खनन :** पेट्रोलियम विभिन्न गहराई एवं स्थानों पर पाया जाता है और जो पृथ्वी सतह से 500 से 15000 फीट की गहराई तक पाया जाता है, इसे कृत्रिम खुदाई द्वारा पृथ्वी के गर्त से बाहर लाया जाता है।

(5) **पेट्रोलियम शोधन :** पेट्रोलियम में उपस्थित विभिन्न प्रभाजों को प्रभाजी आसवन द्वारा पृथक करना पेट्रोलियम शोधन कहलाता है।

सारणी : 24.1

| प्रभाज | क्वथनांक परास (°C) | लगभग संघटन | उपयोग |
|---|---|---|---|
| असंघनित गैस | कमरे के ताप तक | $C_1 - C_4$ | ईंधन गैस, प्रशीतक, कार्बन ब्लैक का उत्पादन, हाइड्रोजन निर्माण तथा कार्बनिक रसायनों के संश्लेषण में |
| कच्चा नेफ्था तथा पुनः प्रभाजी पदार्थ | 30 – 150° | $C_5 - C_{10}$ | |
| (i) पेट्रोलियम ईथर | 30 – 70° | $C_5 - C_6$ | विलायक |
| (ii) पेट्रोल या गैसोलिन | 70 – 120° | $C_6 - C_8$ | मोटर ईंधन, शुष्क धुलाई पेट्रोल गैस |
| (iii) बेन्जीन व्युत्पन्न | 120 – 150° | $C_8 - C_{10}$ | विलायक, शुष्क धुलाई |
| कैरोसिन तेल | 150 – 250° | $C_{11} - C_{16}$ | ईंधन, प्रकाशक, तेल गैस |
| भारी तेल | 250 – 400° | $C_{15} - C_{18}$ | डीजल इंजन के लिए ईंधन, भंजन के द्वारा गैसोलिन में परिवर्तन |
| भारी तेल के पुनः प्रभाजी अंश | | | |
| (i) गैस तेल (ii) ईंधन तेल (iii) डीजल तेल | | | |
| अवशेषी तेल के निर्वात आसवन से प्राप्त अंश | 400° के ऊपर | $C_{17} - C_{40}$ | |
| (i) स्नेहक तेल | | $C_{17} - C_{20}$ | स्नेहक के रूप में |
| (ii) पैराफिन मोम | | $C_{20} - C_{30}$ | मोमबत्ती, बूटपॉलिश, मोम, पेपर बनाने में |
| (iii) वैसलिन | | $C_{20} - C_{30}$ | टायलेट, मल्हम, स्नेहक |
| (iv) पिच | | $C_{30} - C_{40}$ | पेन्ट, रोड सतहीकरण |
| पेट्रोलियम कोक (पुनः आसवित) | | | ईंधन के रूप में |

(6) **विशुद्धिकरण**

(i) ***सान्द्र सल्फ्यूरिक अम्ल के साथ उपचार*** : गैसोलिन या कैरोसिन तेल प्रभाज को सल्फ्यूरिक अम्ल के साथ हिलाते हैं, इससे एरोमैटिक यौगिक जैसे थायोफीन तथा अन्य सल्फर यौगिक जो गैसोलिन एवं कैरोसिन को विशिष्ट गंध देते हैं उन्हें दूर किया जाता है तथा इसको तीव्रनाशक भी बनाया जाता है।

(ii) ***डाक्टर मधुकरण प्रक्रम*** :

$$\underset{\text{मरकैप्टन}}{2RSH} + Na_2PbO_2 + S \rightarrow \underset{\text{डाईसल्फाइड}}{RSSR} + PbS + 2NaOH$$

(iii) ***अधिशोषकों के साथ उपचार*** : विभिन्न प्रभाजों को एल्यूमिना, सिलिका या क्ले जैसे अधिशोषकों के ऊपर प्रवाहित करते हैं जिससे अनैच्छिक यौगिक अधिशोषित हो जाते हैं।

(7) **पेट्रोल या गैसोलिन के निर्माण की कृत्रिम विधि**

(i) *भंजन*, (ii) *संश्लेषण*

(i) ***भंजन*** *(Cracking)* : यह वह विधि है जिसमें उच्च क्वथनांक वाले प्रभाजों जिसमें उच्चतर हाइड्रोकार्बन होते हैं, को उच्च ताप पर तीव्रता से गर्म करते हैं, जिससे ये विघटित होकर निम्न क्वथनांक वाले निम्नतर हाइड्रोकार्बन देते हैं, इस भंजन को निम्नलिखित दो प्रकार से करते हैं

(a) *द्रव प्रावस्था भंजन :* इस प्रक्रम में भारी तेल या अवशेषी तेल को उच्च ताप (475 – 530°C) तथा उच्च दाब (7 से 70 वायुमंडलीय दाब) पर भंजित करते हैं। उच्च दाब उत्पाद को द्रव प्रावस्था में रखता है यह परिवर्तन लगभग 70% होता है तथा परिणामी पेट्रोल की ऑक्टेन संख्या परास 65 से 70 के मध्य होती है।

यह भंजन कुछ उत्प्रेरक जैसे सिलिका, जिन्क ऑक्साइड, टाइटेनियम ऑक्साइड, फेरिक ऑक्साइड तथा एल्युमिना आदि की उपस्थिति में सम्पन्न होता है। पेट्रोल की अधिक मात्रा उत्प्रेरक की उपस्थिति में प्राप्त होती है।

(b) *वाष्प प्रावस्था भंजन :* इस प्रक्रम में कैरोसिन तेल या गैस तेल को वाष्प प्रावस्था में भंजित करते हैं, इसमें 600 – 800°C ताप रखा जाता है तथा दाब 3.5 से 10.5 वायुमण्डलीय रखा जाता है, यह भंजन किसी उचित उत्प्रेरक की उपस्थिति में सम्पन्न होता है और प्राप्त मात्रा 70% होती है।

(ii) ***संश्लेषण*** : इसके लिए दो विधियाँ प्रयोग की जाती हैं।

(a) *बर्जियस विधि :* इस विधि को बर्जियस ने प्रथम विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी में खोजा।

$$\text{कोल} + H_2 \xrightarrow[\substack{450-500^oC \\ 250\text{ atm}}]{Fe_2O_3} \text{हाइड्रोकार्बन का मिश्रण या कच्चा तेल}$$

(b) *फिशर ट्रॉप्स प्रक्रम :* इस अभिक्रिया में प्राप्त मात्रा बर्जियस विधि से अधिक होती है।

$$\underset{(\text{वाष्प})}{H_2O} + C \xrightarrow{1200^oC} \underbrace{CO + H_2}_{\text{जल गैस}}$$

$$xCO + yH_2 \longrightarrow \text{हाइड्रोकार्बन का मिश्रण} + H_2O.$$

इस विधि के लिए सबसे अच्छा उत्प्रेरक कोबाल्ट (100 भाग), थोरिया (5 भाग), मैग्नीशिया (8 भाग) तथा कीसलगर (200 भाग) होता है।

## हाइड्रोकार्बनों की विशेषतायें
**(Characteristics of hydrocarbons)**

(1) **अपस्फोटन** (Knocking) **:** इंजन में ईंधन के अनियमित दहन से उत्पन्न धात्विक ध्वनि को अपस्फोटन कहते हैं।

*इंजन में अधिक सम्पीड़न होने पर उसकी उच्च दक्षता होती है, निम्न अपस्फोटन वाले ईंधन को अधिक वरीयता दी जाती है।*

***अपस्फोटन की प्रवृत्ति का घटता क्रम*:** सीधी श्रृंखला वाले एल्केन > शाखित श्रृंखला वाले एल्केन > ऑलिफिन > साइक्लो एल्केन > एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन

(2) **ऑक्टेन संख्या** (Octane number) **:** पेट्रोल इंजन में प्रयुक्त ईंधन के अपस्फोटन लक्षण को मापने के लिए इसका प्रयोग किया जाता है, किसी प्रतिदर्श की ऑक्टेन संख्या को इस प्रकार परिभाषित कर सकते हैं। यह आइसोऑक्टेन का वह आयतन प्रतिशत है जो आइसोऑक्टेन तथा *n*-हैप्टेन के मिश्रण में उपस्थित होता है जिसकी अपस्फोटन क्षमता प्रयोग में लिए गये ईंधन की अपस्फोटन क्षमता के बराबर होती है।

$$CH_3-CH_2-CH_2-CH_2-CH_2-CH_2-CH_3$$

*n*-हैप्टेन; ऑक्टेन संख्या = 0

$$CH_3-\overset{\displaystyle CH_3}{\underset{\displaystyle CH_3}{C}}-CH_2-\overset{\displaystyle CH_3}{C}-CH_3$$ ; ऑक्टेन संख्या = 100

2, 2, 4–ट्राईमेथिल पेन्टेन अथवा आइसोऑक्टेन

*उदाहरण के लिए* : किसी दिये गये नमूने की अपस्फोटन क्षमता 60% आइसोऑक्टेन तथा 40% हैप्टेन के मिश्रण के अपस्फोटन क्षमता के बराबर है, तो गैसोलिन की ऑक्टेन संख्या 60 होगी।

निम्नलिखित यौगिकों की उपस्थिति गैसोलिन की ऑक्टेन संख्या बढ़ाती है

(i) सीधी श्रृंखला वाले हाइड्रोकार्बन की ऑक्टेन संख्या , श्रृंखला बढ़ने के साथ घटती है।

(ii) श्रृंखला के शाखित होने से ऑक्टेन संख्या बढ़ती है।

(iii) श्रृंखला में द्विबन्ध या त्रिबन्ध बढ़ने से ऑक्टेन संख्या बढ़ती है।

(iv) चक्रीय एल्केन की आपेक्षिक रूप से ऑक्टेन संख्या उच्च होती है।

(v) एरोमैटिक यौगिकों की ऑक्टेन संख्या उच्च होती है।

(vi) गैसोलिन का योग करके [TEL]

(3) **अपस्फोटनरोधी यौगिक** (Antiknock compounds) **:** ईंधन के अपस्फोटन गुण को कम करने अथवा उसकी ऑक्टेन संख्या को बढ़ाने के लिए इसमें कुछ रसायन मिलाये जाते हैं उन्हें **अपस्फोटनरोधी यौगिक** कहते हैं। इसके लिए मुख्यतः टेट्रा एथिल लैड (TEL) का उपयोग किया जाता है जो निम्नलिखित पदार्थों का मिश्रण होता है।

TEL = 63%, एथिलीन ब्रोमाइड = 26%, एथिलीन क्लोराइड = 9% तथा रंजक = 2%.

किन्तु इससे इंजन में लैड जमा होने लगता है, इस मुक्त लैड को दूर करने के लिए इसमें एथिलीन हैलाइड मिला दिया जाता है, जो लैड से संयुक्त होकर वाष्पशील लैड हैलाइड बनाता है

$$Pb+\underset{\text{एथिलीन ब्रोमाइड}}{Br-CH_2-CH_2-Br}\rightarrow \underset{\text{वाष्पशील}}{PbBr_2}+\underset{\text{एथिलीन}}{CH_2=CH_2}$$

किन्तु पेट्रोल में TEL मिलाने से लैड प्रदूषण की एक बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाती है, इस समस्या को दूर करने के लिए पेट्रोल में एक नया अपस्फोटन रोधी यौगिक मिलाया जाता है, जिसे साइक्लोपेण्टा डाई एनिल मैंग्नीज कार्बोनिल (AK-33-X) कहते हैं, जिसे विकसित देशों में अपस्फोटनरोधी यौगिक की तरह प्रयुक्त करते हैं।

(4) **हाइड्रोकार्बन की ऑक्टेन संख्या को बढ़ाने की अन्य विधियाँ**

(i) ***समावयवीकरण*** (पुनःउत्पादन) **:** $200^oC$ ताप पर $AlCl_3$ पर एल्केन प्रवाहित करने पर,

$$\underset{\substack{\text{पेण्टेन}\\ (\text{ऑक्टेन संख्या}=62)}}{CH_3CH_2CH_2CH_2CH_3}\xrightarrow[200^oC]{AlCl_3}\underset{\substack{\text{आइसोपेण्टेन}\\ (\text{ऑक्टेन संख्या}=90)}}{CH_3\overset{\displaystyle CH_3}{CHC}H_2CH_3}$$

(ii) ***एल्काइलीकरण*:**

$$\underset{\text{आइसोब्यूटेन}}{CH_3\overset{\displaystyle CH_3}{\underset{\displaystyle CH_3}{CH}}}+\underset{\text{आइसोब्यूटाइलिन}}{CH_2=\overset{\displaystyle CH_3}{C}CH_3}\xrightarrow{H_2SO_4}\underset{\substack{\text{आइसो ऑक्टेन}\\ (\text{ऑक्टेन संख्या}=100)}}{CH_3\overset{\displaystyle CH_3}{\underset{\displaystyle CH_3}{C}}CH_2\overset{\displaystyle CH_3}{CH}CH_3}$$

(iii) ***एरोमैटीकरण*:**



इस तरह पेट्रोल की ऑक्टेन संख्या बढ़ा सकते हैं

- शाखित श्रृंखला अथवा साइक्लो एल्केन का अंश बढ़ा कर।
- एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन बेंजीन, टॉलुईन और जाइलीन के योग (BTX) से।
- मेथेनॉल या एथेनॉल के योग से।
- टेट्राएथिल लैड $(C_2H_5)_4Pb$ के योग से।

(5) **सीटेन संख्या** (Cetane number) **:** डीजल तेल के वर्ग (स्तर) को व्यक्त करने में उपयोग किया जाता है।

$CH_3-(CH_2)_{14}-CH_3$ सीटेन → सीटेन संख्या = 100



*α-मेथिल नेफ्थैलीन*

किसी डीजल की सीटेन संख्या, सीटेन तथा $\alpha$-मेथिल नेफ्थैलीन मिश्रण में सीटेन का आयतन में प्रतिशत है, जिसका ज्वलन गुण लिए गये ईंधन के ज्वलन गुण के बराबर होता है।

(6) **फ्लैश बिन्दु** (Flash point) **:** एक न्यूनतम तापमान जिस पर तेल, वायु के साथ विस्फोटक मिश्रण बनाने के लिए पर्याप्त वाष्प देता है, तेल का फ्लैश बिन्दु कहलाता है।

भारत में फ्लैश बिन्दु $44^oC$ पर, फ्रांस में $35^oC$ तथा इंग्लैंड में $22.8^oC$ पर निर्धारित किये गये हैं। तेल का फ्लैश बिन्दु जिस उपकरण से निर्धारित किया जाता है उसे **एबिल उपकरण** (Abel's apparatus) कहते हैं।

रसायनज्ञों ने शून्य से कम ऑक्टेन संख्या वाले कुछ हाइड्रोकार्बन निर्मित कियें (उदाहरण, *n*-नोनेन की ऑक्टेन संख्या – 45 है) इसी के साथ 100 से अधिक ऑक्टेन संख्या वाले हाइड्रोकार्बन है (उदाहरण 2, 2, 3 ट्राई मेथिल ब्यूटेन की ऑक्टेन संख्या 124 है)।

(7) **पेट्रोरसायन** (Petrochemical) **:** वे सभी रसायन जिनको पेट्रोलियम या प्राकृतिक गैस से व्युत्पित किया जाता है, पेट्रोरसायन कहलाते हैं। कुछ रसायन जिनको पेट्रोलियम से प्राप्त किया जाता है, उन्हें सारणी में दिया गया है

**सारणी : 24.2**

| हाइड्रोकार्बन | व्युत्पित यौगिक |
|---|---|
| मेथेन | मेथिल क्लोराइड, क्लोरोफॉर्म, मेथेनॉल, फॉर्मेल्डिहाइड, फॉर्मिक अम्ल, फ्रिऑन अमोनिया के संश्लेषण के लिये हाइड्रोजन |
| एथेन | एथिल क्लोराइड, एथिल ब्रोमाइड, एसीटिक अम्ल, एसीटल्डिहाइड, एथिलीन एथिल एसीटेट, नाइट्रोएथेन, एसीटिक एनहाइड्राइड |
| एथिलीन | एथेनॉल, एथिलीन ऑक्साइड, ग्लायकॉल, विनाइल क्लोराइड, ग्लाइऑक्सल, पॉलीथीन, स्टाइरीन, ब्यूटाडाईन, एसीटिक अम्ल |
| प्रोपेन | प्रोपेनॉल, प्रोपिओनिक अम्ल, आइसोप्रोपिल ईथर, एसीटोन, नाइट्रोमेथेन, नाइट्रोएथेन, नाइट्रोप्रोपेन |
| प्रोपाइलीन | ग्लिसरॉल, एलिल एल्कोहल, आइसो प्रोप्रिल एल्कोहल, एक्रोलीन, नाइट्रोग्लिसरीन, डोडेकाइल बेन्जीन, क्यूमीन, बेकेलाइट |
| हैक्सेन | बेंजीन, DDT, गैमेक्सेन |
| हैप्टेन | टॉलुईन |
| साइक्लोएल्केन | बेंजीन, टॉलुईन, जाइलीन, एडिपिक अम्ल |
| बेंजीन | एथिल बेंजीन, स्टाइरीन, फिनॉल, B.H.C. (कीटनाशक) एडिपिक अम्ल नायलॉन, साइक्लो हैक्सेन, ABS अपमार्जक |
| टॉलुईन | बेंजोइक अम्ल, TNT, बेंजल्डिहाइड, सैकरिन, क्लोरामाइन-T, बेन्जिल क्लोराइड, बेन्जल क्लोराइड |

## एल्केन या पैराफिन (Alkanes or Paraffines)

"एल्केन संतृप्त हाइड्रोकार्बन हैं, जिनके अणु में केवल $C-C$ एकल बन्ध पाया जाता है।"

एल्केन कम क्रियाशील होते हैं इसलिए इन्हें पैराफिन कहते हैं क्योंकि सामान्य परिस्थितियों में ये अम्ल, क्षार, ऑक्सीकारकों, अपचायकों से कोई क्रिया नहीं करते हैं।

सामान्य सूत्र : $C_nH_{2n+2}$

*उदाहरण* : $CH_4, C_2H_6, C_3H_8$ ,

### (1) बनाने की सामान्य विधियाँ

(i) ***एल्कीन एवं एल्काइन के उत्प्रेरक हाइड्रोजनीकरण के द्वारा*** (साबातिये तथा सैण्ड्रन्स अभिक्रिया)

$$\underset{\text{एल्कीन}}{C_nH_{2n}} + H_2 \xrightarrow[\text{गर्म}]{Ni} \underset{\text{एल्केन}}{C_nH_{2n+2}} \; ; \; \underset{\text{एल्काइन}}{C_nH_{2n-2}} + 2H_2 \xrightarrow[\text{गर्म}]{Ni} \underset{\text{एल्केन}}{C_nH_{2n+2}}$$

❑ *मेथेन इस विधि द्वारा नहीं बनाया जा सकता है।*

(ii) ***बिर्च अपचयन*** :

$$R-CH=CH_2 \xrightarrow[2.CH_3OH]{1.Na/NH_3} R-CH_2-CH_3$$

(iii) ***एल्किल हैलाइड से***

(a) *अपचयन से* : $RX + H_2 \xrightarrow{Zn/HCl} RH + HX$

(b) *pt/pd की उपस्थिति में हाइड्रोजन द्वारा अपचयन* :

$$RX + H_2 \xrightarrow{Pd \text{ या } Pt.} RH + HX$$

(c) *लाल फास्फोरस की उपस्थिति में HI द्वारा अपचयन* :

$$RBr + 2HI \longrightarrow RH + HBr + I_2$$

लाल $P$ का उद्देश्य $I_2$ को $PI_3$ के रूप में पृथक करना है

(iv) ***Zn-Cu युग्म द्वारा***:

$$2CH_3CH_2OH + \underset{\text{Zn-Cu युग्म}}{Zn} \xrightarrow{Cu} \underset{\text{जिंक एथॉक्साइड}}{(CH_3CH_2O)_2Zn} + 2H$$

$$RX + 2H \longrightarrow RH + HX$$

(v) ***वुट्ज़ अभिक्रिया*** :

$$\underset{\text{एल्किल हैलाइड}}{RX} + 2Na + \underset{\text{एल्किल हैलाइड}}{XR'} \xrightarrow{\text{शुष्क ईथर}} \underset{\text{एल्केन}}{R-R} + 2NaX$$

❑ *$R-Br$ अथवा RI को इस अभिक्रिया में प्राथमिकता दी जाती है इस अभिक्रिया में सम कार्बन संख्या वाले अणुओं का निर्माण होता है। इस विधि द्वारा हैलाइडों के प्रकरण में एल्केन्स का मिश्रण प्राप्त होता है।*

(vi) ***फ्रेंकलैण्ड अभिक्रिया*** :

$$2RX + Zn \longrightarrow R-R + ZnX_2$$

(vii) ***कोरे हाउस संश्लेषण***

$$CH_3-CH_2-Cl \xrightarrow[2.CuI]{1.Li} (CH_3-CH_2)_2LiCu \xrightarrow{CH_3-CH_2-Cl} CH_3-CH_2-CH_2-CH_3$$

❑ *यह अभिक्रिया विषम कार्बन संख्या वाले हाइड्रोकार्बन के निर्माण में उपयुक्त होती है।*

(viii) ***ग्रिगनार्ड अभिकर्मक से***

(a) *अम्लीय हाइड्रोजन 'H की क्रिया से*:

$$\underset{\text{एल्किल मैग्नीशियम हैलाइड}}{RMgX} + \underset{\text{जल}}{HOH} \longrightarrow \underset{\text{एल्केन}}{RH} + Mg(OH)X$$

(b) *एल्किल हैलाइड के साथ क्रिया द्वारा*:

$$R-X + R'MgX \longrightarrow R-R' + MgX_2$$

(ix) ***कार्बोक्सिलिक अम्लों से***

(a) *प्रयोगशाला विधि (ड्यूमा अभिक्रिया या विकार्बोक्सिलीकरण या सोडालाइम अभिक्रिया)*

$$R\,COONa + NaOH \xrightarrow[CaO]{\text{गर्म}} \underset{\text{एल्केन}}{R-H} + Na_2CO_3$$

❑ *सोडालाइम NaOH और CaO का 3 : 1 में मिश्रण है।*

(b) *कोल्बे विधि* :

$$R-\underset{\underset{O}{||}}{C}-O^-Na^+ \underset{\text{आयनीकरण}}{\overset{\text{विद्युत अपघटन}}{\rightleftharpoons}} R-\overset{\overset{O}{||}}{C}-O^- + Na^+$$

**एनोड पर** [ऑक्सीकरण] :

$$2R-\underset{\underset{O}{||}}{C}-O^- - 2e^- \longrightarrow 2R-\underset{\underset{O}{||}}{C}-\dot{O} \longrightarrow 2\dot{R} + 2CO_2$$

$$2\dot{R} \longrightarrow R-R \text{ (एल्केन)}$$

**कैथोड पर** [अपचयन] :

$$2Na^+ + 2e^- \longrightarrow 2Na \xrightarrow{2H_2O} 2NaOH + H_2 \ (\uparrow)$$

❑ *इस अभिक्रिया में आयनिक तथा मुक्त मूलक क्रियाविधि दोनों शामिल होती है।*

(c) *कार्बोक्सिलिक अम्लों के अपचयन से :*

$$\underset{\text{एसीटिक अम्ल}}{CH_3COOH} + 6HI \xrightarrow[p]{\text{अपचयन}} \underset{\text{एथेन}}{CH_3CH_3} + 2H_2O + 3I_2$$

(x) ***एल्कोहल, एल्डिहाइड, कीटोन, अम्ल एनहाइड्राइड के अपचयन से***

$$\underset{\substack{\text{मेथेनॉल}\\\text{(मेथिल एल्कोहल)}}}{CH_3OH} + 2HI \xrightarrow[150^oC]{\text{लाल } P} \underset{\text{मेथेन}}{CH_4} + H_2O + I_2$$

$$\underset{\substack{\text{एसीटल्डिहाइड}\\\text{(एथेनल)}}}{CH_3CHO} + 4HI \xrightarrow[150^oC]{\text{लाल } P} \underset{\text{एथेन}}{C_2H_6} + H_2O + 2I_2$$

$$\underset{\substack{\text{एसीटोन}\\\text{(प्रोपेनोन)}}}{CH_3COCH_3} + 4HI \xrightarrow[150^oC]{\text{लाल } P} \underset{\text{प्रोपेन}}{CH_3CH_2CH_3} + H_2O + 2I_2$$

$$\underset{\substack{\text{एसीटिल क्लोराइड}\\\text{(एथेनोइल क्लोराइड)}}}{CH_3-\overset{\overset{O}{||}}{C}-Cl} + 6HI \xrightarrow[200^oC]{\text{लाल } P} \underset{\text{एथेन}}{CH_3-CH_3} + H_2O + HCl + 3I_2$$

$$\underset{\substack{\text{एसीटामाइड}\\\text{(एथेनामाइड)}}}{CH_3-\overset{\overset{O}{||}}{C}-NH_2} + 6HI \xrightarrow[200^oC]{\text{लाल } P} \underset{\text{एथेन}}{CH_3-CH_3} + H_2O + NH_3 + 3I_2$$

❑ *एल्डिहाइड तथा कीटोन को जब जिंक अमलगम /HCl द्वारा अपचयित करते हैं, तब भी एल्केन बनती है।*

**क्लेमेन्सन अपचयन :**

$$\underset{\substack{\text{एसीटेल्डिहाइड}\\\text{(एथेनल)}}}{CH_3CHO} + 4H \xrightarrow[HCl]{Zn-Hg} \underset{\text{एथेन}}{CH_3-CH_3} + H_2O$$

$$\underset{\substack{\text{एसीटोन}\\\text{(प्रोपेनोन)}}}{CH_3COCH_3} + 4H \xrightarrow[HCl]{Zn-Hg} \underset{\text{प्रोपेन}}{CH_3CH_2CH_3} + H_2O$$

❑ एल्डिहाइड तथा कीटोन ($>C=O$) को हाइड्राजीन के आधिक्य तथा सोडियम एल्कॉक्साइड की उपस्थिति में गर्म करने पर ये हाइड्रोकार्बन में अपचयित हो जाते हैं।

**वुल्फ किश्नर अपचयन :**

$$\begin{matrix}R\\R'\end{matrix}\!\!>C=O \xrightarrow[-H_2O]{H_2NNH_2} \begin{matrix}R\\R'\end{matrix}\!\!>C=NNH_2 \xrightarrow[180^oC,-N_2]{C_2H_5ONa} \begin{matrix}R\\R'\end{matrix}\!\!>CH_2$$

(xi) ***एल्कीन के हाइड्रोबोरेशन द्वारा***

(a) *एसीटिक अम्ल के साथ अभिकृत करके,*

$$\underset{\text{एल्कीन}}{R-CH=CH_2} \xrightarrow{B_2H_6} \underset{\text{ट्राई एल्किल बोरेन}}{(R-CH_2-CH_2)_3B} \xrightarrow{CH_3COOH} \underset{\text{एल्केन}}{R-CH_2-CH_3}$$

(b) *सिल्वर नाइट्रेट द्वारा एल्किल बोरेन्स के युग्मन से :* यह लम्बी श्रृंखला बनाने की उत्तम विधि है।

$$6[R-CH=CH_2] \xrightarrow{2B_2H_6} [2R-CH_2-CH_2-]_3B \xrightarrow[NaOH]{AgNO_3\ 25^oC} 3[RCH_2CH_2-CH_2CH_2R]$$

(2) **भौतिक गुण**

(i) ***भौतिक अवस्था :*** एल्केन रंगहीन, गंधहीन तथा स्वादहीन होते हैं।

| *एल्केन* | *अवस्था* |
|---|---|
| $C_1-C_4$ | गैसीय अवस्था |
| $C_5-C_{17}$ | द्रव अवस्था |
| | (नियो पेन्टेन के अतिरिक्त जो गैसे हैं) |
| $C_{18}$ एवं उच्च | ठोस मोम के समान |

(ii) ***घनत्व :*** एल्केन जल की अपेक्षा हल्के होते हैं।

(iii) ***विलेयता :*** जल में अविलेय तथा कार्बनिक विलायकों में विलेय, विलेयता $\propto \frac{1}{\text{अणुभार}}$

(iv) ***क्वथनांक एवं गलनांक :*** क्वथनांक एवं गलनांक $\propto$ आण्विक द्रव्यमान $\propto \frac{1}{\text{शाखाओं की संख्या}}$

| एल्केन : | $C_3H_8$ | $C_4H_{10}$ | $C_5H_{12}$ | $C_6H_{14}$ | $C_7H_{16}$ | $C_8H_{18}$ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गलनांक ($K$) : | 85.9 | 138 | 143.3 | 179 | 182.5 | 216.2 |

❑ सम संख्या वाले कार्बन परमाणुओं का गलनांक > विषम संख्या वाले कार्बन परमाणु, ऐसा इसलिये है क्योंकि सम संख्या वाले एल्केनों की संरचना विषम संख्या वाले ऐल्केनों की संरचना की तुलना में अधिक सममित होती है और इसके फलस्वरूप क्रिस्टलीय संरचना अधिक बन्द होती है।



विषम संख्या कार्बन      सम संख्या कार्बन

(3) **रासायनिक गुण**

(i) ***एल्केन की प्रतिस्थापन अभिक्रियायें***

(a) *हैलोजनीकरण :* $R-H+X-X \longrightarrow R-X+HX$

हैलोजनों की क्रियाशीलताओं का क्रम है : $F_2 > Cl_2 > Br_2 > I_2$

❑ *फ्लोरीन अंधेरे में क्रिया कर सकता है, $Cl_2, Br_2$ के लिए प्रकाश ऊर्जा आवश्यक होती है। $I_2$ कमरे के ताप पर कोई अभिक्रिया नहीं दर्शाता किन्तु गर्म करने पर यह आयोडीनीकरण देता है।*

❑ *मेथेन का आयोडीन द्वारा आयोडीनीकरण, ऑक्सीकारकों जैसे $HNO_3/HIO_3/HgO$ आदि की उपस्थिति में किया जाता है, ये ऑक्सीकारक HI को उदासीन कर देते हैं।*

❑ *मेथेन का क्लोरीनीकरण :*

$$CH_4 + 2Cl-Cl \xrightarrow[-2HCl]{\text{पराबैंगनी प्रकाश}} CH_2-Cl_2 \xrightarrow[-HCl]{\text{पराबैंगनी प्रकाश}, Cl_2} CHCl_3 \xrightarrow[Cl_2]{-HCl} CCl_4$$

(ii) ***मुक्त मूलक क्रियाविधि पर आधारित अभिक्रियायें***

(a) *नाइट्रीकरण*: $\underset{\text{एल्केन}}{R-H}+HONO_2 \xrightarrow[\text{ताप}]{\text{उच्च}} \underset{\text{नाइट्रोएल्केन}}{R-NO_2}+H_2O$

नाइट्रीकारक मिश्रण : (i) (सान्द्र $HNO_3$ + सान्द्र $H_2SO_4$ ) $250^oC$ पर

(ii) ($400^o-500^oC$ पर $HNO_3$ की वाष्पें)

(b) *सल्फोनीकरण* : मुक्त मूलक क्रियाविधि

$R-H+HOSO_3H \xrightarrow[\text{लम्बे समय तक गर्म}]{SO_3} R-SO_3H+H_2O$

❑ *निम्न एल्केन मुख्यतः मेथेन, एथेन आदि यह अभिक्रिया नहीं देते हैं।*

(iii) ***ऑक्सीकरण***

(a) *दहन या पूर्ण ऑक्सीकरण* :

$$C_nH_{2n+2}+\left(\frac{3n+1}{2}\right)O_2 \longrightarrow nCO_2+(n+1)H_2O+Q$$

❑ यह ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया है।

(b) *अपूर्णदहन या ऑक्सीकरण*

$$2CH_4+3O_2 \xrightarrow{\text{ज्वलन}} 2CO+4H_2O$$

$$CH_4+O_2 \longrightarrow C+2H_2O$$

(c) *उत्प्रेरकीय ऑक्सीकरण*:

$$CH_4+[O] \xrightarrow[100\ atm\ /\ 200^oC]{Cu-\text{नलिका}} CH_3OH$$

यह मेथिल एल्कोहल के निर्माण की औद्योगिक विधि है।

❑ *उच्चतर एल्केनों को मैंग्नीज स्टियरेट की उपस्थिति में वसीय अम्लों में ऑक्सीकृत करते हैं।*

$$CH_3(CH_2)_nCH_3 \xrightarrow[100-160^oC]{O_2} CH_3(CH_2)_nCOOH$$

(d) *रासायनिक ऑक्सीकरण* :

$$\underset{\text{आइसोब्यूटेन}}{(CH_3)_3CH} \xrightarrow{KMnO_4} \underset{\text{तृतीयक ब्यूटिल}}{(CH_3)_3.C.OH}$$

(iv) ***ऊष्मीय विघटन या भंजन या तापीय विघटन***

$$\underset{\text{मेथेन}}{CH_4} \xrightarrow{1000^oC} C+2H_2$$

$$\underset{\text{एथेन}}{C_2H_6} \xrightarrow[Cr_2O_3+Al_2O_3]{500^oC} \underset{\text{एथिलीन}}{CH_2=CH_2}+H_2$$

$C_3H_8 \longrightarrow C_2H_4+CH_4$ या $C_3H_6+H_2$

❑ *इस अभिक्रिया का पेट्रोलियम उद्योग में बहुत महत्व है।*

(v) ***समावयवीकरण*** :

$$\underset{n\text{-ब्यूटेन}}{CH_3CH_2CH_2CH_3} \xrightarrow[200^oC,\,35\,atm]{AlCl_3+HCl} \underset{\text{आइसोब्यूटेन}}{CH_3\overset{\overset{CH_3}{|}}{C}HCH_3}$$




(vi) ***एरोमैटिकरण*** :




(vii) ***श्रृंखला वृद्धि अभिक्रियायें***

(a) $CH_2N_2$ *से क्रिया* (डाईएजोमेथेन) :

$$R-CH_2-H+CH_2N_2 \xrightarrow{hv} R-CH_2-CH_2-H$$

(b) $CHCl_3\ /\ NaOH$ *से क्रिया*:

$$R-CH_2-H \xrightarrow[:CCl_2]{CHCl_3\ /\ OH^-} R-CH_2-CHCl_2$$

(c) $CH_2=\underset{\underset{O}{||}}{C}$ *से क्रिया* :

$$R-CH_2-H \xrightarrow[:CH_2\ /-CO]{CH_2=\overset{\overset{O}{||}}{C}/\Delta} R-CH_2-CH_3$$

(viii) ***HCN का निर्माण*** :

$2CH_4 \xrightarrow{N_2\ /\ \text{विद्युत आर्क}} 2HCN+3H_2$ या

$$CH_4+NH_3 \xrightarrow[700^oC]{Al_2O_3} HCN+3H_2$$

(ix) ***क्लोरो सल्फोनीकरण / $SO_2+Cl_2$ से क्रिया***

$$CH_3-CH_2-CH_3+SO_2+Cl_2 \xrightarrow{\text{पराबैंगनी प्रकाश}} CH_3-CH_2-CH_2SO_2Cl+HCl$$

इस अभिक्रिया को रीड अभिक्रिया कहते हैं।

❑ इस अभिक्रिया का उपयोग अपमार्जक के औद्योगिक निर्माण में किया जाता है।

(x) ***भाप के साथ क्रिया*** :

$$CH_4+H_2O \xrightarrow[800^oC]{Ni\ /\ Al_2O_3} CO+3H_2$$

## एल्केनों के व्यक्तिगत सदस्य
## (Individual members of alkanes)

(1) **मेथेन :** इसे **मार्श गैस** कहते हैं।

(i) ***निर्माण की औद्योगिक विधि*** : प्राकृतिक गैस के द्रवीकरण द्वारा मेथेन को अधिक मात्रा में प्राप्त किया जा सकता है, इसके अलावा निम्नलिखित विधियों द्वारा भी एल्केन प्राप्त की जा सकती है।

(a) *कार्बन मोनोऑक्साइड से* : कार्बन मोनो ऑक्साइड तथा हाइड्रोजन के मिश्रण को उत्प्रेरक *Ni/C* पर $250^oC$ पर प्रवाहित करने पर मेथेन प्राप्त होती है।

$$CO+3H_2 \xrightarrow[250^oC]{Ni+C} CH_4+H_2O$$

(b) *सीवेज जल में उपस्थित सैल्यूलोज युक्त पदार्थों के जीवाणु विघटन से* : इस विधि का उपयोग इंग्लैण्ड में मेथेन के उत्पादन में होता है।

$$\underset{\text{सैल्यूलोज}}{(C_6H_{10}O_5)_n} + nH_2O \longrightarrow 3nCH_4 + 3nCO_2$$

(c) *संश्लेषण* : 1200°C ताप पर हाइड्रोजन वातावरण में कार्बन इलेक्ट्रोडों के बीच विद्युत विसर्जन करने पर मेथेन बनती है।

$$C + 2H_2 \xrightarrow{1200^oC} CH_4$$

हाइड्रोजन सल्फाइड तथा कार्बन डाई सल्फाइड वाष्प मिश्रण को लाल तप्त कॉपर पर प्रवाहित करने पर मेथेन बनता है।

$$CS_2 + 2H_2S + 8Cu \xrightarrow{\text{उच्च ताप}} CH_4 + 4Cu_2S$$

(ii) ***भौतिक गुण***

(a) रंगहीन, गंधहीन, स्वादहीन अविषैली गैस है।

(b) यह वायु से हल्की है तथा इसका घनत्व NTP पर 0.71 ग्राम/लीटर है।

(c) यह जल में अल्प विलेय है किन्तु ईथर, एल्कोहल, एसीटोन में अधिक विलेय है।

(d) इसका गलनांक $-182.5^oC$ तथा क्वथनांक $-161.5^oC$ होता है।

(iii) ***उपयोग***

(a) मेथिल एल्कोहल, फॉर्मल्डिहाइड, मेथिल क्लोराइड, क्लोरोफॉर्म, कार्बन ट्रेटा क्लोराइड आदि के निर्माण में

(b) हाइड्रोजन के निर्माण में जो अमोनिया को बनाने में प्रयुक्त होती है।

(c) कार्बन ब्लैक को बनाने में जिसका उपयोग छपाई की स्याही, काला पेन्ट तथा रबर वल्कनीकरण में फिलर के रूप में होता है।

(d) ईंधन एवं प्रकाश उत्पन्न करने में।

(2) एथेन

(i) ***बनाने की विधियाँ***

(a) *प्रयोगशाला विधि :*

$$\underset{\text{एथिल आयोडाइड}}{C_2H_5I} + 2H \xrightarrow[C_2H_5OH]{Zn-Cu\ \text{युग्म}} \underset{\text{एथेन}}{C_2H_6} + HI$$

(b) *औद्योगिक विधि :*

$$\underset{\substack{\text{एथिलीन}\\(\text{एथीन})}}{CH_2 = CH_2} + H_2 \xrightarrow[300^oC]{Ni} \underset{\text{एथेन}}{CH_3 - CH_3}$$

(ii) ***भौतिक गुण***

(a) रंगहीन, गन्धहीन, स्वादहीन तथा अविषैली गैस।

(b) जल में बहुत कम विलेय, किन्तु एल्कोहल, एसीटोन, ईथर आदि में अत्यधिक विलेय है।

(c) NTP पर इसका घनत्व 1.34 ग्राम / लीटर है।

(d) यह – 89°C पर उबलती है इसका गलनांक –172°C है।

(iii) ***उपयोग***

(a) ईंधन के रूप में।

(b) हैक्सा क्लोरो एथेन $(C_2Cl_6)$ के निर्माण में जो कि कृत्रिम कपूर है।

(3) एल्केन का परस्पर रूपांतरण

एल्केन श्रेणी का आरोहण

(i) ***मेथेन से एथेन***:

$$\underset{\text{मेथेन}}{CH_4} \xrightarrow[UV]{Cl_2} CH_3Cl \xrightarrow[\text{ईथर में } Na \text{ के साथ गर्म}]{\text{वुर्ट्ज अभिक्रिया}} \underset{\text{एथेन}}{CH_3 - CH_3}$$

(ii) ***एथेन से ब्यूटेन***:

$$\underset{\substack{\text{एथेन}\\(\text{आधिक्य})}}{C_2H_6} \xrightarrow[UV]{Cl_2} \underset{\text{एथिल क्लोराइड}}{C_2H_5Cl} \xrightarrow[\text{ईथर में } Na \text{ के साथ गर्म}]{\text{वुर्ट्ज अभिक्रिया}} \underset{\text{ब्यूटेन}}{C_2H_5 - C_2H_5}$$

**एल्केन श्रेणी का अवरोहण :** इसके लिए विकार्बोक्सिलिकरण प्रयोग किया जाता है, यह बहुपद परिवर्तन है।

***एथेन से मेथेन***

$$\underset{\substack{\text{एथेन}\\(\text{आधिक्य})}}{C_2H_6} \xrightarrow[UV]{Cl_2} \underset{\substack{\text{एथिल}\\\text{क्लोराइड}}}{C_2H_5Cl} \xrightarrow{\text{जलीय } KOH} \underset{\text{एथिल एल्कोहल}}{C_2H_5OH} \xrightarrow{[O]} \underset{\text{एसीटेल्डिहाइड}}{CH_3CHO}$$

$$\xrightarrow{[O]} \underset{\text{एसीटिक अम्ल}}{CH_3COOH} \xrightarrow{NaOH} \underset{\text{सोडियम एसीटेट}}{CH_3COONa} \xrightarrow[\text{गर्म}]{NaOH / CaO} \underset{\text{मेथेन}}{CH_4}$$

$$\text{उच्च एल्केन} \xrightarrow[UV]{Cl_2} \text{एल्किल हैलाइड} \xrightarrow[KOH]{\text{जलीय.}} \text{एल्कोहल} \xrightarrow{[O]} \text{एल्डिहाइड}$$

$$\text{अम्ल} \xrightarrow{NaOH} \text{अम्ल का सोडियम लवण} \xrightarrow[\text{गर्म}]{NaOH / CaO} \text{निम्न एल्केन}$$

## एल्कीन (Alkenes)

ये अचक्रीय हाइड्रोकार्बन हैं जिसमें कार्बन-कार्बन द्विबन्ध होता है, इन्हें ऑलिफिन भी कहते हैं क्योंकि निम्नतर सदस्य हैलोजन से क्रिया करके तैलीय द्रव बनाते हैं। इनका सामान्य सूत्र $C_nH_{2n}$ है।

*उदाहरण*: एथीन $C_2H_4$ , प्रोपीन $C_3H_6$ , ब्यूटीन $C_4H_8$

(1) बनाने की विधियाँ

(i) ***एल्काइन से*** :

$$R - C \equiv C - R + H_2 \xrightarrow[Pd.BaSO_4]{\text{लिन्डलर उत्प्रेरक}} R - \overset{H}{\overset{|}{C}} = \underset{H}{\underset{|}{C}} - R$$

❑ *विषैले उत्प्रेरक जैसे $BaSO_4, CaCO_3$ आदि का उपयोग एल्कीन बनने के बाद अभिक्रिया रोकने में होता है।*

(ii) ***मोनो हैलाइड से*** :

$$R - \overset{H}{\underset{H}{C}} - \overset{H}{\underset{X}{C}} - H + Alc.KOH \xrightarrow{-HX} R - \underset{H}{C} = \overset{H}{C} - H$$
एल्कीन

❑ यदि हम $KOH$ की जगह एल्कोहलिक $NaOH$ उपयोग करें तो स्थायित्व के कारण ट्रांस उत्पाद अधिकता में बनता है।

(iii) ***डाई हैलाइड से***

(a) *जैम डाई हैलाइड से*



❑ *जब दो विभिन्न प्रकार के जैम डाई हैलाइड लिए जाते हैं, तो तीन प्रकार की एल्कीन प्राप्त होती हैं।*

❑ *केवल सममित एल्कीन के निर्माण में इस विधि का प्रयोग किया जाता है।*

(b) *विसिनल डाई हैलाइड से :*

$$R-\underset{X}{\overset{H}{C}}-\underset{X}{\overset{H}{C}}-H + Zn \text{ रज} \xrightarrow[300^oC]{\Delta} R-\overset{H}{C}=\overset{H}{C}-H + ZnX_2$$

❑ *एल्कीन 1, 3 डाई हैलाइड से नहीं बनती इनके विहैलोजनीकरण से साइक्लो एल्केन बनते हैं।*

$$\underset{X}{CH_2}-CH_2-\underset{X}{CH_2} \xrightarrow{Zn \text{ रज}} \text{(cyclo-}CH_2, H_2C-CH_2\text{)} + ZnX_2$$

(iv) ***विस डाईहैलाइड की NaI से क्रिया द्वारा :***

$$\underset{\text{विस डाईहैलाइड}}{>\overset{Br}{C}-\overset{Br}{C}<} \xrightarrow[\text{एसीटोन}]{NaI} \underset{\text{अस्थायी}}{>\overset{I}{C}-\overset{I}{C}<} \xrightarrow[-I_2]{} \underset{\text{एल्कीन}}{>C=C<}$$

(v) ***एल्कोहल से (प्रयोगशाला विधि) :***

$$\underset{\text{एथिल एल्कोहल}}{CH_3CH_2OH} \xrightarrow[443\,K]{H_2SO_4 \text{ या } H_3PO_4} \underset{\text{एथीन}}{CH_2=CH_2} + H_2O$$

(vi) ***कोल्बे विधि :***

$$\underset{\text{पोटेशियम सक्सीनेट}}{\begin{matrix} CH_2COOK \\ | \\ CH_2COOK \end{matrix}} + 2H_2O \xrightarrow{\text{विद्युत अपघटन}} \underset{\text{एथीन}}{\begin{matrix} CH_2 \\ || \\ CH_2 \end{matrix}} + 2CO_2 + H_2 + 2KOH$$

(vii) ***एस्टर से (एस्टर का विघटन) :***

$$\begin{matrix} CH_3-CO-O & H \\ CH_2 & -CH_2 \end{matrix} \xrightarrow[\text{द्रव } N_2]{\text{ग्लास वूल } 450^o} \begin{matrix} CH_3-COOH \\ + \\ CH_2=CH_2 \end{matrix}$$

(viii) ***चतुष्क अमोनियम यौगिकों के तापीय विघटन से :***

$$\underset{\text{टेट्रा एथिल अमोनियम हाइड्रॉक्साइड}}{(C_2H_5)_4\overset{+}{N}\overset{-}{O}H} \xrightarrow{\text{गर्म}} \underset{\text{ट्राईएथिल एमीन (तृतीयक एमीन)}}{(C_2H_5)_3N} + \underset{\text{एथीन}}{C_2H_4} + H_2O$$

(ix) ***विनाइल क्लोराइड पर कॉपर एल्किल की क्रिया से :***

$$\underset{\text{विनाइल क्लोराइड}}{H_2C=CHCl} \xrightarrow{CuR_2} H_2C=CHR$$

(x) ***ग्रिगनार्ड अभिकर्मक से :***

$$Mg<^{R}_{X} + X-CH=CH_2 \longrightarrow MgX_2 + R-CH=CH_2$$

(xi) ***विटिग अभिक्रिया से :***

$$(Ph)_3P=CH_2 + \underset{O}{\underset{||}{CH}}-R \longrightarrow (Ph)_3P=O + R-\underset{CH_2}{\underset{||}{CH}}$$

$$(Ph)_3P=CH-R + \overset{O}{\overset{||}{C}}H-R \longrightarrow (Ph)_3P=O + R-CH=CH-R$$

(xii) ***β ब्रोमो ईथर से (बूर्ड संश्लेषण)***

$$R-\overset{Br}{CH}-\underset{R'}{\overset{O-C_2H_5}{CH}} \xrightarrow[C_4H_9OH]{Zn} R-CH=CH-R' + Zn<^{Br}_{O-C_2H_5}$$

(2) **भौतिक गुण**

(i) एल्कीन रंगहीन एवं गन्धहीन होती हैं।

(ii) ये जल में अविलेय होती हैं किन्तु कार्बनिक विलायकों में विलेय होती हैं।

(iii) भौतिक अवस्था

$C_1-C_4 \longrightarrow$ गैस

$C_4-C_{16} \longrightarrow$ द्रव

$> C_{17} \longrightarrow$ ठोस मोम

(iv) क्वथनांक तथा गलनांक का मान एल्कीन में शाखाओं के बढ़ने से घटता है।

(v) सिस समावयवी का गलनांक ट्रान्स समावयवी की अपेक्षा कम होता है क्योंकि सिस समावयवी ट्रान्स की अपेक्षा कम सममित होता है और इससे ट्रान्स क्रिस्टल जालक में अधिक दृढ़ता से संकुलित हो जाता है, इससे गलनांक बढ़ जाता है।

(vi) सिस समावयवी का क्वथनांक ट्रान्स की अपेक्षा अधिक होता है क्योंकि सिस एल्कीन में ट्रान्स की अपेक्षा अधिक ध्रुवणता होती है जिससे सिस का द्विध्रुव आघूर्ण अधिक होता है।

(vii) ये जल से हल्के होते हैं।

(viii) ***द्विध्रुव आघूर्ण*** *(Dipole moment)* : एल्कीन बहुत दुर्बल ध्रुवित होती हैं इनके द्विबन्ध का π-बन्ध आसानी से ध्रुवित हो जाता है इसलिए इनका द्विध्रुव आघूर्ण एल्केन की अपेक्षा उच्च होता है।

(3) **रासायनिक गुण**

(i) ***फ्रांसिस प्रयोग*** : फ्रांसिस के अनुसार इलेक्ट्रॉन स्नेही समूह का आक्रमण एल्कीन बन्ध पर पहले होता है।

$$CH_2=CH_2 + Br-Br \xrightarrow{CCl_4} \underset{Br}{CH_2}-\underset{Br}{CH_2}$$

$$\xrightarrow{NaCl} \underset{Br}{CH_2}-\underset{Br}{CH_2} + \underset{Br}{CH_2}-\underset{Cl}{CH_2}$$

(ii) ***हाइड्रोजन से क्रिया :***

$$R-\overset{H}{C}=\overset{H}{C}-R + H_2 \xrightarrow{Ni} R-\underset{H}{\overset{H}{C}}-\underset{H}{\overset{H}{C}}-R$$

(iii) ***एल्कीन का अपचयन (हाइड्रोबोरेशन):*** एल्कीन को एल्केन में हाइड्रोबोरेशन द्वारा अपचयित किया जा सकता है।

$$RCH = CH_2 \xrightarrow{H-BH_2} (R-CH_2-CH_2)_3B$$

$$\xrightarrow{H^+/H_2O} R-CH_2-CH_3$$

**हाइड्रोबोरेशन :** एल्कीन, डाईबोरेन के साथ योगात्मक क्रिया देती हैं, जिसे हाइड्रोबोरेशन कहते हैं इस क्रिया में ट्राई एल्किल बोरेन बनता है, जो अति महत्वपूर्ण होता है और इसका उपयोग विभिन्न कार्बनिक यौगिकों के संश्लेषण में होता है।

$$3R-CH = CH_2 + BH_3 \longrightarrow$$

$(R-CH_2-CH_2)_3B$ *ट्राईएल्किल बोरेन*




उपरोक्त अभिक्रिया के कुल परिणाम से द्विबन्ध पर जल के एन्टीमार्कोनीकॉफ योग का प्रदर्शन होता है

(iv) ***$AgNO_3$ + NaOH के साथ अभिक्रिया द्वारा :*** यह युग्मन अभिक्रिया है।

$$6CH_3-CH_2-CH_2-\overset{\overset{CH_3}{|}}{C} = CH_2 \xrightarrow{B_2H_6}$$

$$2[CH_3-(CH_2)_2-\underset{\underset{H}{|}}{\overset{\overset{CH_3}{|}}{C}}-CH_2]_3B \xrightarrow{Ag/NO_3NaOH}$$

$$CH_3-CH_2-CH_2-\underset{\underset{H}{|}}{\overset{\overset{CH_3}{|}}{C}}-CH_2-CH_2-\underset{\underset{H}{|}}{\overset{\overset{CH_3}{|}}{C}}-CH_2-CH_2-CH_3$$

(v) ***बिर्च अपचयन :*** यह अभिक्रिया ऋणात्मक मुक्त मूलक क्रियाविधि द्वारा सम्पन्न होती है।

$$R-CH = CH_2 \xrightarrow[+e^-]{Na} R-C\overset{-}{H}-C\overset{-}{H}_2 \xrightarrow{Et-O-H} R-CH-CH_3$$

$$\xrightarrow[+e^-]{Na} R-\overset{-}{C}H-CH_3 \xrightarrow{Et.-O-H} R-CH_2-CH_3$$

(vi) ***हैलोजनीकरण***

$$\underset{\text{प्रोपीन}}{CH_3CH = CH_2} + Cl_2 \xrightarrow{500^oC} \underset{\text{एलिल क्लोराइड या 3-क्लोरो-1-प्रोपीन}}{ClCH_2-CH = CH_2} + HCl$$

❑ NBS (*N*-ब्रोमो सक्सीनीमाइड) *अभिकर्मक का उपयोग एल्कीन के एलीलिक स्थिति में विशिष्ट ब्रोमीनीकरण में किया जाता है।*




❑ *ध्रुवीय माध्यम की उपस्थिति में एल्कीन हैलोजन के साथ विसिनल डाईहैलाइड बनाती है।*

$$R-\overset{\overset{H}{|}}{C}=\overset{\overset{H}{|}}{C}-H + X-X \xrightarrow{CCl_4} R-\underset{\underset{X}{|}}{\overset{\overset{H}{|}}{C}}-\underset{\underset{X}{|}}{\overset{\overset{H}{|}}{C}}-H$$

विसिनल डाईहैलाइड

हैलोजनो की क्रियाशीलता का क्रम निम्न है

$$F_2 > Cl_2 > Br_2 > I_2$$

(vii) ***HX के साथ अभिक्रिया (हाइड्रोहैलोजनीकरण)***

$$\underset{\text{एल्कीन}}{\rangle C = C \langle} + HX \longrightarrow \underset{\text{एल्किल हैलाइड}}{\rangle \overset{\overset{H}{|}}{C}-\underset{\underset{X}{|}}{C} \langle}$$

मारकोनीकॉफ नियम एवं खराश प्रभाव के अनुसार

$$CH_3-CH = CH_2 + HBr \longrightarrow CH_3-\underset{\underset{Br}{|}}{\overset{\overset{H}{|}}{C}}-\underset{\underset{H}{|}}{\overset{\overset{H}{|}}{C}}-H$$

एंटीमारकोनीकॉफ नियम के अनुसार (मुक्त मूलक क्रियाविधि)

$$CH_3-CH = CH_2 + HBr \xrightarrow{\text{परॉक्साइड}}$$

$$\underset{\text{(अल्प)}}{CH_3-\underset{\underset{Br}{|}}{\overset{\overset{H}{|}}{C}}-\underset{\underset{H}{|}}{\overset{\overset{H}{|}}{C}}-H} + \underset{\text{(मुख्य)}}{CH_3-\underset{\underset{H}{|}}{\overset{\overset{H}{|}}{C}}-\underset{\underset{Br}{|}}{\overset{\overset{H}{|}}{C}}-H}$$

(viii) ***हाइपोहैलस अम्ल से क्रिया*** :

$$\underset{\text{एथिलीन}}{CH_2 = CH_2} + H\overset{-}{O}\overset{+}{Cl} \longrightarrow \underset{\text{एथिलीन क्लोरोहाइड्रिन}}{CH_2OH.CH_2Cl}$$

❑ *असममित एल्कीन के प्रकरण में मारकोनीकॉफ नियम लगता है।*

(ix) ***सल्फ्यूरिक अम्ल के साथ क्रिया*** :

$$\underset{\text{एथिलीन}}{CH_2 = CH_2} + H^+HSO_4^- \longrightarrow \underset{\text{एथिल हाइड्रोजन सल्फेट}}{CH_3CH_2HSO_4}$$

$$CH_3CH_2HSO_4 \longrightarrow CH_2 = CH_2 + H_2SO_4$$

❑ *इस अभिक्रिया का उपयोग एल्कीन तथा एल्केन के गैसीय मिश्रण से एल्कीन को पृथक करने में किया जाता है।*

(x) ***नाइट्रोसिल क्लोराइड से क्रिया***

$$\rangle C = C \langle + NOCl \longrightarrow \rangle \underset{\underset{Cl}{|}}{C}-\overset{\overset{NO}{|}}{C} \langle$$ ( $NOCl$ को टिल्डन अभिकर्मक कहते हैं)

❑ *यदि हाइड्रोजन परमाणु उत्पाद के कार्बन परमाणु से जुड़ा हो, तो उत्पाद अधिक स्थाई ऑक्सीम में बदल जाता है।*

$$>C(Cl)-C(NO)(H)< \rightleftharpoons >C(Cl)-C=NOH$$

ऑक्सीम

$$>C=C< + NOCl \longrightarrow >C(NO)-C(Cl)<$$ (नीला रंग)

(xi) ***ऑक्सीकरण*** : क्षारीय $KMnO_4$ (बेयर अभिकर्मक) के साथ कराई गयी अभिक्रिया का उपयोग अणु में असंतृप्तता का पता लगाने में होता है।

$$R-\underset{|}{\overset{H}{C}}=\overset{H}{C}-H+[O]+H-OH\xrightarrow[-OH]{\text{क्षारीय } KMnO_4}R-\underset{HO}{\overset{H}{C}}-\underset{OH}{\overset{H}{C}}-H$$

ग्लायकॉल

अम्लीय $KMnO_4$ के साथ :

$$R-\overset{H}{C}=\overset{H}{C}-H+[O]\xrightarrow[KMnO_4]{\text{अम्लीय}}R-\overset{O}{\overset{||}{C}}-O-H+CO_2+H_2O$$

(xii) ***हाइड्रॉक्सिलीकरण***

(a) *परऑक्सीअम्ल के उपयोग से :*

$$\begin{matrix} CH_3 \\ H-C \\ || \\ H-C \\ CH_3 \end{matrix} \xrightarrow[or\ HCO_3H]{H_2O_2,\ HCOOH} \begin{matrix} CH_3 \\ H-C-OH \\ | \\ HO-C-H \\ CH_3 \end{matrix}$$

2-ब्यूटीन → ट्रॉंस (रेसेमिक)

(b) *OsO द्वारा हाइड्रॉक्सिलीकरण:*



❑ *यदि परबेंजोइक अम्ल या परऑक्सी एसीटिक अम्ल का उपयोग किया जाता है, तो ऑक्सीरेन बनता है।*

$$R-CH=CH-R\xrightarrow[\text{या } CH_3CO_3H]{C_6H_5CO_3H}R-\underset{OH}{CH}-\underset{OH}{CH}-R\xrightarrow{-H_2O}$$

$$R-CH-CH-R \text{ (O bridge)}$$

[ऑक्सीरेन]

(xiii) ***दहन***: $C_nH_{2n}+\frac{3n}{2}O_2\longrightarrow nCO_2+nH_2O$

यह चमकीली ज्वाला के साथ जलती हैं तथा वायु या ऑक्सीजन के साथ विस्फोटक मिश्रण बनाती हैं।

(xiv) ***ओजोनीकरण***



❑ *ओजोनीकरण के अनुप्रयोग* : इस विधि का उपयोग एल्कीन अणु में द्विबन्ध की स्थिति के निर्धारण में किया जाता है। द्विबन्ध को दो कार्बोनिल यौगिकों के कार्बन को जोड़कर प्राप्त करते हैं।

(xv) ***ऑक्सीमरक्यूरीकरण डीमरक्यूरीकरण*** : एल्कीन (THF में) की मरक्यूरिक एसीटेट के साथ क्रिया इसके पश्चात् इसका अपचयन $NaBH_4/NaOH$ के साथ करते हैं, तो एल्कोहल प्राप्त होता है। इसमें हाइड्रोजन का योग मारकोनीकॉफ नियम के अनुसार होता है।

$$\underset{\text{3,3-डाईमेथिल-1-ब्यूटीन}}{(CH_3)_3C-CH=CH_2}+\underset{\text{मरक्यूरिक एसीटेट}}{(CH_3COO)_2Hg}\longrightarrow$$

$$(CH_3)_3C-\underset{OCOCH_3}{CH}-CH_2-Hg\xrightarrow[THF]{NaBH_4/NaOH}\underset{\text{3, 3-डाईमेथिल-2-ब्यूटेनॉल}}{(CH_3)_3C-\underset{OH}{CH}-CH_3}$$

(xvi) ***एपॉक्सीकरण***

(a) $O_2/Ag$ द्वारा : $CH_2=CH_2+\frac{1}{2}O_2\xrightarrow{Ag}CH_2-CH_2$ (O bridge)

(b) परफॉर्मिक अम्ल या परबेंजोइक अम्ल द्वारा एपॉक्सीकरण :



(xvii) ***हाइड्रोबोरेशन***

$$3R-CH=CH_2+BH_3\longrightarrow\underset{\text{ट्राई एल्किल बोरेन}}{(R-CH_2-CH_2)_3B}\xrightarrow{H_2O_2/OH^-}$$

$$R-CH_2-CH_2-OH+B(OH)_3$$

(एन्टी मार्कोनीकॉफ नियम)

(xviii) ***हाइड्रोफार्मलीकरण***:

$$R-CH=CH_2+CO+H_2\xrightarrow{CoH(CO)_4}R-\underset{H}{\overset{H}{C}}-\overset{H}{C}(-CHO)-H$$

❑ *यदि $CO+H_2O$ लेते हैं तो एक सापेक्षिक अम्ल बनता है।*

$$R-CH=CH_2+CO+H_2O\xrightarrow{CoH(CO)_4}R-CH_2-\underset{\displaystyle COOH}{\underset{|}{CH_2}}$$

(xix) ***फार्मेल्डिहाइड का योग***

$$H_2C=O+\overset{\oplus}{H}\longrightarrow[H_2C=\overset{\oplus}{O}H\longleftrightarrow H_2\overset{\oplus}{C}-OH]$$




(xx) ***बहुलीकरण***

$$\begin{matrix} H & H \\ | & | \\ C & = C \\ | & | \\ H & H \end{matrix}\xrightarrow[1500^{o}\ /\ \text{उच्च दाब}]{\text{अल्प } O_2+\text{उत्प्रेरक}}\left[\begin{matrix} H & H & H & H \\ | & | & | & | \\ -C- & C- & C- & C \\ | & | & | & | \\ H & H & H & H \end{matrix}\right]_n$$

❑ *यदि बहुलीकरण में जिग्लरनाटा उत्प्रेरक* $[(R)_3Al+TiCl_4]$ *का उपयोग करते हैं तो बहुलीकरण को जिग्लरनाटा बहुलीकरण कहते हैं।*

(xxi) ***समावयवीकरण*** :

$$CH_3-CH_2-CH_2-CH=CH_2\xrightleftharpoons{AlCl_3}CH_3-CH_2-CH=CH-CH_3$$

इसकी क्रियाविधि कार्बोधनायन द्वारा सम्पन्न होती है।

(xxii) ***HNO*** का योग:

$$\underset{\text{एथीन}}{CH_2=CH_2}+HO-NO_2\longrightarrow\underset{\text{2-नाइट्रोएथेनॉल}}{CH_2OH.CH_2NO_2}$$

(xxiii) ***एसीटिल क्लोराइड का योग*** :

$$\underset{\text{एथीन}}{CH_2=CH_2}+CH_3COCl\longrightarrow\underset{\text{4-क्लोरो ब्यूटेनॉन-2}}{CH_2ClCH_2COCH_3}$$

(4) **उपयोग**

(i) पॉलीथीन – एक प्लास्टिक पदार्थ के निर्माण में (ii) फलों को कृत्रिम विधि द्वारा पकाने में (iii) सामान्य निश्चेतक के रूप में (iv) ग्लायकॉल, एथिल हैलाइड, एथिल एल्कोहल, एथिलीन ऑक्साइड आदि के निर्माण में प्रारम्भिक पदार्थ के रूप में (v) जहरीली मस्टर्ड गैस बनाने में (vi) एथिलीन ऑक्सीजन ज्वाला उत्पन्न करने में।

## एल्काइन (Alkynes)

ये अचक्रीय हाइड्रोकार्बन हैं जिनमें C – C के मध्य त्रिक बन्ध होता है। इनका सामान्य सूत्र $C_nH_{2n-2}$ होता है, *उदाहरण;* एथाइन $CH\equiv CH$ ; प्रोपाइन $CH_3-C\equiv CH$

(1) **cukus dh fof/k;k¡**




❑ *जैम डाईहैलाइड के साथ क्रिया में 2- पद में विलोपन के लिए एल्कोहलिक KOH का प्रयोग नहीं करते।*

❑ *विसिनल डाईहैलाइड के साथ क्रिया में यदि अभिकर्मक 2-ब्यूटीलीन क्लोराइड लेते हैं, तो 2-ब्यूटाइन मुख्य उत्पाद की तरह प्राप्त होता है।*

**उच्च एल्काइन बनाने की विधियाँ (धातु एसीटिलाइड द्वारा)**

❑ एसीटिलीन $NaNH_2$ अथवा $AgNO_3$ (अमोनियामय) के साथ क्रिया कर लवण देती है, जो एल्किल हैलाइड के साथ क्रिया कर उच्चतर एल्काइन बनाती हैं।

❑ $$2CH\equiv CH\xrightarrow{NaNH_2}Na-C\equiv C-Na\xrightarrow{2CH_3I}\underset{\text{ब्यूटाइन}}{CH_3-C\equiv C-CH_3}$$

❑ $$CH_3-C\equiv CH+CH_3-Mg-X\longrightarrow$$

$$CH_3-C\equiv C-Mg-X+CH_4\xrightarrow{R-X}\underset{\text{एल्काइन}}{CH_3-C\equiv C-R}+MgX_2$$

(2) **भौतिक गुण**

(i) एसीटिलीन रंगहीन गैस है, जिसकी गन्ध लहसुन के समान होती है। यह गन्ध फॉस्फीन और हाइड्रोजन सल्फाइड अशुद्धियों के कारण पायी जाती है, किन्तु शुद्ध एसीटिलीन की गंध रूचिकर होती है।

(ii) यह जल में अविलेय है किन्तु एसीटोन एवं एल्कोहल में विलेय होती है तथा इसका स्थानांतरण करने के लिए इसे एसीटोन में रखे सरंध्र पदार्थ पर उच्च दाब पर प्रवाहित करके स्टील बेलन में रखते हैं।

(iii) इसका क्वथनांक $-84^oC$ होता है।

(iv) ये वायु से हल्की होती है, और प्रकृति में विषैली होती है।

(v) ये चमकीली ज्वाला के साथ जलती है तथा वायु के साथ विस्फोटक मिश्रण बनाती है।

(3) **एल्काइन की रासायनिक क्रियाशीलता :** $C \equiv C$, द्विबन्ध कार्बन की अपेक्षा इलेक्ट्रॉन स्नेही योग के लिए कम क्रियाशील होता है क्योंकि एल्काइन कार्बन में s-लक्षण अधिक होता है और इसका $\pi$ इलेक्ट्रॉन के प्रति आकर्षण अधिक होता है। एल्काइन इलेक्ट्रॉन धनी अभिकर्मकों के साथ नाभिक स्नेही योग भी देते हैं। जैसे :– जल, सायनाइड, कार्बोक्सिलिक अम्ल, एल्कोहल आदि का योग इनके नाभिक स्नेही योग को इस आधार पर समझा सकते हैं कि एल्काइन, विनाइलिक कार्बेनियन बनाता है जो एल्कीन द्वारा बने एल्किल कार्बेनियन से अधिक स्थायी है।

$$-C \equiv C- + Nu^- \longrightarrow -\underset{\displaystyle |}{\overset{Nu}{C}} = \overset{\ominus}{C}-$$

विनाइलिक कार्बेनियन
(अधिक स्थायी)

$$-C = C- + Nu^- \longrightarrow -\overset{Nu}{\underset{}{C}} - \overset{\ominus}{C}-$$

(एल्किल कार्बेनियन)
(कम स्थायी)

(i) ***एल्काइन की अम्लीयता :*** एसीटिलीन एवं सभी टर्मिनल एल्काइन प्रकृति में अम्लीय होती हैं।

*उदाहरण :* $CH \equiv CH + NaNH_2 \longrightarrow H - C \equiv \overline{C}\,Na^+ + \frac{1}{2}H_2$
(मोनोसोडियम एसीटिलाइड)

एल्काइन के अम्लीय हाइड्रोजन को कॉपर (I) तथा सिल्वर (I) आयनों द्वारा प्रतिस्थापित किया जा सकता है। ये क्यूप्रस क्लोराइड या सिल्वर नाइट्रेट के अमोनियामय विलयन के साथ क्रियाकर संगत कॉपर तथा सिल्वर एल्कीनाइड बनाते हैं।

$$CH \equiv CH + 2[Cu(NH_3)_2]Cl \longrightarrow Cu - C \equiv C - Cu + 2NH_4Cl + 2NH_3$$
डाई कॉपर एसीटिलाइड (लाल अवक्षेप)

$$CH \equiv CH + 2[Ag(NH_3)_2]NO_3 \longrightarrow AgC \equiv C - Ag + 2NH_4NO_3 + 2NH_3$$
डाई सिल्वर एसीटिलाइड (सफेद अवक्षेप)

इस अभिक्रिया को 2-एल्काइन तथा 1-एल्काइन के मध्य विभेद करने के लिए प्रयोग किया जाता है। 1-एल्काइन यह परीक्षण देते हैं जबकि 2-एल्काइन यह परीक्षण नहीं देते हैं।

$$\underset{\text{1-प्रोपाइन}}{CH_3 - C \equiv CH} + 2[Ag(NH_3)_2]NO_3 \longrightarrow CH_3 - C \equiv C - Ag$$

$$CH_3 - C \equiv C - CH_3 + 2[Ag(NH_3)_2]NO_3 \longrightarrow \text{कोई अभिक्रिया नहीं}$$

***अम्लीय गुण की व्याख्या :*** इसको $sp$ संकरण द्वारा स्पष्ट करते हैं। हम जानते हैं कि $s-$कक्षक के इलेक्ट्रॉन $p$-कक्षक की अपेक्षा अधिक दृढ़ता से बंधे होते हैं। $sp$ संकरण में $s$-लक्षण (50%), $sp^2$ (33%) या $sp^3$ (25%) की तुलना में अधिक होता है। एसीटिलीन कार्बन में $s$-लक्षण अधिक होने से इसका कार्बन अधिक ऋण विद्युती हो जाता है और $H - C \equiv$ बन्ध के इलेक्ट्रॉन युग्म कार्बन की ओर विस्थापित हो जाते हैं तथा $H^+$ आसानी से निकल जाता है।

(ii) ***फार्मेल्डिहाइड के साथ अभिक्रिया***

$$HC \equiv CH + 2CH_2O \longrightarrow \underset{OH}{CH_2} - C \equiv C - \underset{OH}{CH_2} \xrightarrow{Li/NH_3}$$

$$\underset{OH}{CH_2} - CH = CH - CH_2OH \quad \text{[ट्रान्स उत्पाद]}$$

(4) **एसीटिलीन के रासायनिक गुण**

$CH \equiv CH$ (एसीटिलीन)

- $\xrightarrow{\text{लाल तप्त नलिका}}$ $C_6H_6$ (बेन्जीन)
- $\xrightarrow[\Delta]{NH_3}$ $C_4H_5N + H_2$ (पायरोल)
- $\xrightarrow[\Delta]{S/H_2S}$ $C_4H_4S$ (थायोफीन)
- $\xrightarrow[80^\circ C]{40\%\ H_2SO_4/1\%HgSO_4}$ $CH_3CHO$
- $\xrightarrow[Hg^{2+},\ 80^\circ C]{CH_3COOH \text{ के साथ}}$ $CH_3CHO$ (एसीटेल्डिहाइड) + $(CH_3CO)_2O$ (एसीटिक एनहाइड्राइड)
- $\xrightarrow{Cl_2}$ $CHCl_2 - CHCl_2$ (वेस्ट्रॉन) $\xrightarrow[KOH]{Alc.}$ $CHCl = CCl_2$ (वेस्ट्रॉल)
- $\xrightarrow[AlCl_3]{ClAsCl_2}$ $CHCl = CHAsCl_2$ लेविसाइड — केडेट एवं बुसेन अभिक्रिया
- $\xrightarrow[Hg^{2+}]{CH_3COOH}$ $CH_2 = CHOOCCH_3$ (विनाइल एसीटेट)
- $\xrightarrow[60^\circ C]{Hg^{2+}/HCl}$ $CH_2 = CHCl$ (विनाइल क्लोराइड)
- $\xrightarrow[Ba(CN)_2]{HCN}$ $CH_2 = CHCN$ (विनायल साइनाइड)
- $\xrightarrow[NH_4Cl]{Cu_2Cl_2,\ HCl}$ क्लोरोप्रिन
- $\xrightarrow{Cu_2O}$ क्यूप्रिन
- $\longrightarrow$ $C_2Cl_6$ (हैक्साक्लोरो एथेन) (कृत्रिम कपूर)
- $\xrightarrow[\text{उत्प्रेरक}]{\text{लिन्डलर}}$ $C_2H_4$ $(Cis)$ (एथिलीन)
- $\xrightarrow[300^\circ C]{Ni}$ $C_2H_6$ (एथेन)
- $\xrightarrow{Na}$ $HC \equiv CNa$ (सोडियम एसीटिलाइड) $+ XR \rightarrow HC \equiv C - R$ (उच्च एल्काइन)
- $\xrightarrow{O_3/SeO_2}$ $CHO - CHO$ (ग्लायऑक्सल)
- $\xrightarrow[\text{ऑक्सीकरण}]{KMnO_4}$ $COOH - COOH$ (ऑक्जेलिक अम्ल)

***ऑक्सीडेटिव–हाइड्रोबोरेशन*** : एल्काइन $BH_3$ के साथ क्रिया करके अन्त में कार्बोनिल यौगिकों में बदल जाते हैं।

$$\underset{\text{प्रोपाइन}}{3CH_3-C\equiv CH}\xrightarrow{BH_3/THF}(CH_3-CH=CH)_3B\xrightarrow[OH^-]{H_2O_2}$$

$$CH_3-CH=CHOH\xrightarrow{\text{चलावयवता}}\underset{\text{(प्रोपेनल)}}{CH_3CH_2CHO}$$

या $\xrightarrow[HgSO_4]{H_2SO_4} CH_3-\overset{\overset{O}{||}}{C}-CH_3$ (एसीटोन)

इस तरह यह टर्मिनल एल्काइन से एल्डिहाइड के बनाने में उपयोगी है।

***एल्काइन का अपचयन :*** किसी उचित उत्प्रेरक जैसे *Ni, Pd* की उपस्थिति में एल्काइन हाइड्रोजन के साथ योग करती हैं।

$$CH\equiv CH+H_2\xrightarrow{Ni}CH_2=CH_2\xrightarrow[H_2]{Ni}CH_3-CH_3$$

यदि अणु की कार्बन श्रृंखला के अन्त में त्रिबन्ध उपस्थित ना हो तो बनने वाली एल्कीन सिस या ट्रान्स होगी ये अपचायक के चयन पर निर्भर करता है।

$Na/NH_3$ या $Li/NH_3$ (द्रव अमोनिया में) के साथ ट्रान्स एल्कीन बनती है जबकि उत्प्रेरक अपचयन से मुख्यतः सिस एल्कीन बनती हैं।







***असंतृप्तता की कोटि*** *(Degree of unsaturation)* : हाइड्रोकार्बन में असंतृप्तता की कोटि की संख्या $=\dfrac{2n_1+2-n_2}{2}$ द्वारा ज्ञात कर सकते हैं। जहाँ $n_1$ अणु में कार्बन परमाणुओं की संख्या, $n_2$ हाइड्रोजन परमाणुओं की संख्या।

जैसे $C_6H_{12}$ में असंतृप्तता की कोटि संख्या $=\dfrac{2\times 6+2-12}{2}=1$

***असंतृप्तता का परीक्षण***

(a) *बेयर अभिकर्मक* : यह सोडियम कार्बोनेट में $KMnO_4$ का 1% विलयन है, इसका गुलाबी रंग होता है। यौगिक के जलीय विलयन में बेयर अभिकर्मक की कुछ बूंद मिलाते हैं, जिससे बेयर अभिकर्मक का गुलाबी रंग विलुप्त हो जाता है और $MnO_2$ का भूरा अवक्षेप बनता है। रंग का विलुप्त होना अणु में असंतृप्तता को व्यक्त करता है।

❑ *ऐसे यौगिक जिनमें द्विबन्ध वाले कार्बन में हाइड्रोजन नहीं होता है। वह यह परीक्षण नहीं देते हैं*




(b) *ब्रोमीन कार्बन ट्रेटा क्लोराइड परीक्षण* : यौगिक को $CCl_4$ या $CHCl_3$ में घोलते हैं और इसमें $CCl_4$ में बने 5% ब्रोमीन विलयन की कुछ बूंदें मिलाते हैं, तो ब्रोमीन का रंग विलुप्त हो जाता है यह अणु में असंतृप्तता को व्यक्त करता है।

❑ यह परीक्षण निम्न प्रकार की एल्कीन में असफल हो जाता है




(5) **उपयोग**

(i) एसीटिलीन का उपयोग प्रज्वलन में किया जाता है।

(ii) इसका उपयोग ऑक्सी एसीटिलीन ज्वाला को उत्पन्न करने में होता है। इस ज्वाला का तापमान $3000^oC$ के ऊपर होता है इसका उपयोग धातु को काटने एवं उसकी वेल्डिंग करने में होता है।

(iii) फलों को कृत्रिम विधियों द्वारा पकाने में प्रयुक्त होता है।

(iv) इसका उपयोग सामान्य निश्चेतक के रूप में होता है जिसे नेरासिलिन कहते हैं।

(v) एसीटिलीन का संश्लेषण में महत्व होता है क्योंकि इसका उपयोग विभिन्न प्रकार के यौगिकों के संश्लेषण में होता है।

(vi) एसीटिलीन का विद्युत अपघटन करने पर यह कार्बन चूर्ण तथा हाइड्रोजन उत्पन्न करती है, इस हाइड्रोजन का उपयोग वायुयान में किया जाता है। $C_2H_2\longrightarrow 2C+H_2$

(6) **अन्तर रूपान्तरण** (Inter conversion)

(i) ***एथेन का एथीन में परिवर्तन*** : (एल्केन से एल्कीन)

$$\underset{\text{एथेन}}{CH_3-CH_3}\xrightarrow[hv]{Br_2}\underset{\text{एथिल ब्रोमाइड}}{C_2H_5Br}\xrightarrow[KOH]{Alc.}\underset{\text{एथीन}}{CH_2=CH_2}$$

(ii) ***एथीन से एथेन*** : (एल्कीन से एल्केन)

$$\underset{\text{एथीन}}{CH_2=CH_2}\xrightarrow[Ni,300^oC]{H_2}\underset{\text{एथेन}}{CH_3-CH_3}$$

(iii) ***एथेन से एथाइन (एसीटिलीन)*** : अर्थात् एल्केन से एल्काइन

$$\underset{\text{एथेन}}{CH_3-CH_3}\xrightarrow[hv]{Br_2}CH_3CH_2Br\xrightarrow[KOH]{\text{एल्को}}\underset{\text{एथीन}}{CH_2=CH_2}\xrightarrow[CCl_4]{Br_2}$$

$$\underset{\text{1, 2-डाईब्रोमोएथेन}}{CH_2Br-CH_2Br}\xrightarrow[\text{या } NaNH_2]{\text{एल्को.}KOH}\underset{\text{एथाइन}}{CH\equiv CH}$$

(iv) ***एथाइन से एथेन*** : (एल्काइन से एल्केन)

$$\underset{\text{एथाइन}}{CH\equiv CH}\xrightarrow[Ni,300^oC]{H_2}\underset{\text{एथीन}}{CH_2=CH_2}\xrightarrow[Ni,300^oC]{H_2}\underset{\text{एथेन}}{CH_3-CH_3}$$

(v) ***एथीन से प्रोपीन*** : (एल्कीन श्रेणी में आरोहण)

$$\underset{\text{एथीन}}{CH_2=CH_2}\xrightarrow{HI}\underset{\text{आयोडोएथेन}}{CH_3CH_2I}\xrightarrow{KCN}\underset{\text{प्रोपेन नाइट्राइल (एथिल सायनाइड)}}{CH_3CH_2CN}\xrightarrow[\text{अपचयन}]{[H]}$$

$$\underset{\text{1-एमीनोप्रोपेन}}{CH_3CH_2CH_2NH_2}\xrightarrow{HNO_2}\underset{\text{1–प्रोपेनॉल}}{CH_3CH_2CH_2OH}$$

$$\underset{\text{प्रोपीन}}{CH_3CH=CH_2}\xleftarrow[KOH]{\text{एल्को}}\underset{\text{1–ब्रोमोप्रोपेन}}{CH_3CH_2CH_2Br}\xleftarrow{PBr_3}$$

या

$$\underset{\text{एथीन}}{CH_2 = CH_2} \xrightarrow{HI} \underset{\text{आयोडोएथेन}}{CH_3CH_2I} \xrightarrow{Li(CH_3)_2Cu} \underset{\text{प्रोपेन}}{CH_3CH_2CH_3}$$

$$\xrightarrow[hv]{Cl_2} \underset{\text{1-क्लोरो प्रोपेन}}{CH_3CH_2CH_2Cl} \xrightarrow[KOH]{\text{एल्को}} \underset{\text{प्रोपीन}}{CH_3CH = CH_2}$$

या $$CH_2 = CH_2 \xrightarrow{HI} CH_3CH_2I \xrightarrow{CH_3I / Na} \underset{\text{प्रोपेन}}{CH_3CH_2CH_3}$$

$$\xrightarrow[hv]{Cl_2} \underset{\text{1-क्लोरो प्रोपेन}}{CH_3CH_2CH_2Cl} \xrightarrow[KOH]{\text{एल्को}} \underset{\text{प्रोपीन}}{CH_3CH = CH_2}$$

(vi) ***प्रोपीन से एथीन*:** एल्कीन श्रेणी में अवरोहण

$$\underset{\text{प्रोपीन}}{CH_3 - CH = CH_2} \xrightarrow{O_3 / H_2O} \underset{\text{एथेनल}}{CH_3CHO} \xrightarrow[LiAlH_4]{[H]}$$

$$\underset{\text{एथेनॉल}}{CH_3CH_2OH} \xrightarrow[170^oC]{H_2SO_4} \underset{\text{एथीन}}{CH_2 = CH_2}$$

(vii) ***एसीटिलीन से प्रोपाइन*:** (श्रेणी में आरोहण)

$$\underset{\text{एसीटिलीन}}{CH \equiv CH} \xrightarrow{Na} \underset{\text{मोनोसोडियम एसीटिलाइड}}{CH \equiv CNa} \xrightarrow{CH_3I} \underset{\text{प्रोपाइन}}{CH \equiv C - CH_3}$$

(viii) ***प्रोपाइन से एसीटिलीन*:** (श्रेणी में अवरोहण)

$$\underset{\text{प्रोपाइन}}{CH_3C \equiv CH} \xrightarrow{\text{लिन्डलर उत्प्रेरक}} \underset{\text{प्रोपाइलीन}}{CH_3CH = CH_2} \xrightarrow{O_3 / H_2O}$$

$$\underset{\text{एसीटल्डिहाइड}}{CH_3CHO} \xrightarrow{PCl_5} \underset{\text{एथिलीडीन क्लोराइड}}{CH_3CHCl_2} \xrightarrow[KOH]{\text{एल्को}} \underset{\text{एसीटिलीन}}{CH \equiv CH}$$

(ix) 1-***ब्यूटाइन से 2-पेण्टाइन*:** (श्रेणी में आरोहण)

$$\underset{\text{1-ब्यूटाइन}}{CH_3CH_2C \equiv CH} \xrightarrow{NaNH_2} CH_3CH_2C \equiv C - Na \xrightarrow{CH_3I}$$

$$\underset{\text{2-पेण्टाइन}}{CH_3CH_2 - C \equiv CCH_3}$$

(x) 1-***ब्यूटाइन से 2-पेन्टेनोन*:** (तीन पदों से अधिक नहीं)

$$\underset{\text{1-ब्यूटाइन}}{CH_3CH_2C \equiv CH} \xrightarrow[(Liq.\ NH_3)]{NaNH_2} CH_3CH_2C \equiv CNa \xrightarrow{CH_3I}$$

$$\underset{\text{2-पेण्टाइन}}{CH_3CH_2C \equiv CCH_3} \xrightarrow[HgSO_4]{H_2O, H_2SO_4} \underset{\text{2-पेण्टानोन}}{CH_3CH_2CH_2\overset{O}{\overset{||}{C}}CH_3}$$

## एल्केन, एल्कीन तथा एल्काइनों का पृथक्करण
**(Separation of alkane, alkene and alkyne)**

गैसीय मिश्रण को पहले अमोनियामय क्यूप्रस क्लोराइड विलयन में प्रवाहित करते हैं, एल्काइन $Cu_2Cl_2$ से क्रिया करके लाल अवक्षेप देता है जिसे छान लेते हैं। इस अवक्षेप से एल्काइन (एथाइन) को प्राप्त करने के लिए अवक्षेप का अम्ल के साथ अपघटन करते हैं।

$$C_2H_2 + Cu_2Cl_2 + 2NH_4OH \rightarrow \underset{\text{(लाल अवक्षेप)}}{C_2Cu_2} + 2NH_4Cl + 2H_2O$$

$$C_2Cu_2 + 2HNO_3 \rightarrow C_2H_2 + Cu_2(NO_3)_2$$

शेष बचे गैसीय मिश्रण को सान्द्र $H_2SO_4$ विलयन में से प्रवाहित करते हैं। इससे एल्कीन अवशोषित हो जाती है। एथीन को पुनः प्राप्त करने के लिये हाइड्रोजन सल्फेट व्युत्पन्न को $170^\circ C$ ताप पर गर्म करते हैं।

$$C_2H_4 + H_2SO_4 \longrightarrow C_2H_5HSO_4 \xrightarrow[170^oC]{\Delta} C_2H_4 + H_2SO_4$$

अन्त में मेथेन या एथेन शेष बचता है।

## एल्केन, एल्कीन, तथा एल्काइन में विभेद
**(Distinction between alkanes, Alkenes and Alkynes)**

**सारणी : 24.3**

| गुण | एल्केन (एथेन) | एल्कीन (एथीन) | एल्काइन (एथाइन) |
|---|---|---|---|
| अणुसूत्र | $C_nH_{2n+2}(C_2H_6)$ | $C_nH_{2n}(C_2H_4)$ | $C_nH_{2n-2}(C_2H_2)$ |
| प्रकृति | संतृप्त | असंतृप्त | असंतृप्त |
| | कार्बन–कार्बन के मध्य एकल बन्ध होता है और प्रत्येक कार्बन $sp^3$-संकरित अवस्था में होता है<br>$>C - C<$<br>बन्ध लम्बाई 1.54 Å<br>बन्ध ऊर्जा : 83 *किलो कैलोरी/मोल* | दो कार्बन परमाणुओं के मध्य द्विबन्ध होता है और दोनों कार्बन $sp^2$-संकरित होते हैं<br>$>C = C<$<br>1.34 Å<br>146 *किलो कैलोरी/मोल* | दो कार्बन परमाणुओं के मध्य त्रिक बन्ध होता है और प्रत्येक कार्बन $sp$-संकरित अवस्था में होता है<br>$- C \equiv C -$<br>1.20 Å<br>200 *किलो कैलोरी/मोल* |
| ज्वलन | अप्रज्वलन ज्वाला के साथ जलता है।<br>$C_2H_6 + 7/2O_2 \rightarrow 2CO_2 + 3H_2O$ | प्रज्वलन ज्वाला के साथ जलता है।<br>$C_2H_4 + 3O_2 \rightarrow 2CO_2 + 2H_2O$ | धुएँदार ज्वाला के साथ जलता है।<br>$C_2H_2 + 5/2O_2 \rightarrow 2CO_2 + H_2O$ |
| $H_2$ से क्रिया | – | एल्केन बनाते हैं<br>$C_nH_{2n} + H_2 \xrightarrow[300^oC]{Ni} \underset{\text{एल्केन}}{C_nH_{2n+2}}$<br>$C_2H_4 + H_2 \rightarrow C_2H_6$ | एल्कीन तथा एल्केन बनाता है<br>$C_nH_{2n} + H_2 \xrightarrow[300^oC]{Ni} \underset{\text{एल्केन}}{C_nH_{2n+2}}$<br>$C_nH_{2n-2} + H_2 \xrightarrow[300^oC]{Ni} \underset{\text{एल्कीन}}{C_nH_{2n}}$ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| सान्द्र $H_2SO_4$ से क्रिया एवं जल अपघटन | – | योग<br>$C_2H_4 + H_2SO_4 \rightarrow C_2H_5HSO_4 \xrightarrow{H_2O} C_2H_5OH$<br>एल्कोहल | योग<br>$C_2H_2 \rightarrow CH_3CH(HSO_4)_2 \xrightarrow{H_2O} CH_3CHO$<br>एल्डिहाइड |
| $Br_2/CCl_4$ | – | रंगहीन<br>डाईब्रोमो व्युत्पन्न बनाता है<br>$C_2H_4 + Br_2 \rightarrow C_2H_4Br_2$ | रंगहीन<br>टेट्रा ब्रोमोव्युत्पन्न बनाता है<br>$C_2H_2Br_4$ |
| बेयर अभिकर्मक<br>*(क्षारीय $KMnO_4$)* | – | रंगहीन<br>ग्लायकॉल बनता है<br>$\begin{matrix} CH_2 \\ \parallel \\ CH_2 \end{matrix} + H_2O + O \rightarrow \begin{matrix} CH_2OH \\ \vert \\ CH_2OH \end{matrix}$ | रंगहीन<br>ऑक्जेलिक अम्ल बनता है<br>$\begin{matrix} CH \\ \vert\vert\vert \\ CH \end{matrix} + 4O \rightarrow \begin{matrix} COOH \\ \vert \\ COOH \end{matrix}$ |
| *अमोनियामय $Cu_2Cl_2$* | – | – | लाल अवक्षेप<br>$\begin{matrix} CH \\ \vert\vert\vert \\ CH \end{matrix} + Cu_2Cl_2 + 2NH_4OH \rightarrow \begin{matrix} CCu \\ \vert\vert\vert \\ CCu \end{matrix}$ (लाल)<br>$+ 2NH_4Cl + 2H_2O$ |
| *अमोनियामय सिल्वर नाइट्रेट* | – | – | सफेद अवक्षेप<br>$\begin{matrix} CH \\ \vert\vert\vert \\ CH \end{matrix} + 2AgNO_3 + 2NH_4OH \rightarrow \begin{matrix} C-Ag \\ \vert\vert\vert \\ C-Ag \end{matrix}$<br>$+ 2NH_4Cl + 2H_2O$ |

## साइक्लोएल्केन

### (1) बनाने की विधियाँ

(i) ***डाई हैलोजन यौगिकों से (फ्रेंड अभिक्रिया).***




1,3 डाईक्लोरोप्रोपेन → साइक्लोप्रोपेन

(ii) ***एल्कीन से:***

$$\underset{\text{प्रोपीन}}{CH_3 - CH = CH_2} + CH_2I_2 \xrightarrow{Zn-Cu \text{ alloy}} CH_3 - \underset{\substack{\diagdown \quad \diagup \\ CH_2}}{CH - CH_2}$$

मेथिल साइक्लोप्रोपेन

(iii) ***एरोमैटिक यौगिकों से***




बेन्जीन → साइक्लोहैक्सेन

### (2) भौतिक गुण

(i) प्रथम दो सदस्य गैस, अगले तीन सदस्य द्रव और उच्चतर सदस्य ठोस होते हैं।

(ii) ये जल में अविलेय तथा एल्कोहल एवं ईथर में विलेय होते हैं।

(iii) आण्विक द्रव्यमान के बढ़ने के साथ इनका क्वथनांक क्रमशः बढ़ता जाता है इनके क्वथनांक संगत समावयवी एल्कीन या एल्केन के क्वथनांक से अधिक होते हैं।

(iv) आण्विक द्रव्यमान बढ़ने के साथ इनका घनत्व बढ़ता जाता है।

(3) **रासायनिक गुण:** साइक्लो एल्केन अपने रासायनिक गुणों में एल्कीन तथा एल्केन दोनों के समान कार्य करते हैं। सभी साइक्लो एल्केन हैलोजन के साथ प्रकाश की उपस्थिति में प्रतिस्थापन अभिक्रियायें देते हैं (एल्केन की तरह)। सभी साइक्लो एल्केन (निम्न सदस्य) योगात्मक अभिक्रियायें देते हैं ( $H_2, HX, X_2$ का योग) योगात्मक यौगिकों के बनाने की प्रवृत्ति साइक्लोएल्केन की वलय का आकार बढ़ने के साथ घटती जाती है। अतः साइक्लोप्रोपेन > साइक्लोब्यूटेन > साइक्लोपेन्टेन वलय के खुलने को बेयर तनाव सिद्धांत के आधार पर स्पष्ट कर सकते हैं।

(i) ***स्पाइरो साइक्लो एल्केन में योग:*** यदि दो साइक्लो एल्केन एक साथ जुड़े होते हैं, तब योग छोटे वलय में सम्पन्न होता है।




*स्पाइरो यौगिक*

क्योंकि छोटा वलय, बड़े वलय से अधिक अस्थायी है।

उच्चतर साइक्लोएल्केन उच्च स्थायित्व के कारण योग अभिक्रियायें नहीं देती हैं।

(ii) ***$Cl_2$ के साथ मुक्त मूलक प्रतिस्थापन***

$$\underset{\text{साइक्लोप्रोपेन}}{\underset{\substack{\diagdown \quad \diagup \\ CH_2}}{CH_2 - CH_2}} + Cl_2 \xrightarrow{hv} \underset{\text{क्लोरोसाइक्लोप्रोपेन}}{\underset{\substack{\diagdown \quad \diagup \\ CH_2}}{CH_2 - CH\,Cl}} + HCl$$

(iii) ***योगात्मक अभिक्रियायें***




(iv) ***ऑक्सीकरण***




## साइक्लोएल्कीन (Cycloalkenes)

ऐसे कार्बोसाइक्लिक यौगिक जिनके वलय में द्विबन्ध होता है, साइक्लोएल्कीन कहलाते हैं। कुछ साइक्लोएल्कीन इस प्रकार हैं।




साइक्लोब्यूटीन साइक्लोपेन्टीन साइक्लोहैक्सीन 1, 4-साइक्लोहैक्साडाईईन

साइक्लोएल्कीन को डील्स–एल्डर अभिक्रिया द्वारा आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। ये यौगिक इलेक्ट्रॉन स्नेही योग अभिक्रियायें देते हैं जो एल्कीन का विशिष्ट गुण हैं किन्तु इन अभिक्रियाओं में वलय टूटती नहीं है। साइक्लोएल्कीन ठण्डे तनु $KMnO_4$ के पर्पल रंग को रंगहीन या ब्रोमीन $/CCl_4$ के लाल रंग को रंगहीन कर देते हैं।










## डाईईन्स (Dienes)

इन हाइड्रोकार्बनों में दो कार्बन–कार्बन द्विबन्ध होते हैं। सामान्य सूत्र $C_nH_{2n-2}$ है। ये डाईईन तीन प्रकार के होते हैं

(1) **संयुग्मित डाईईन** (Conjugated dienes) **:** इनमें दो द्विबन्ध एकल बन्ध द्वारा पृथक होते हैं।

*उदाहरण*: $CH_2 = CH - CH = CH_2$ (1, 3--ब्यूटाडाईईन)

(2) **क्यूमीलेटिव डाईईन** (Cumulative diene) **:** इनमें दो द्विबन्ध निकटवर्ती होते हैं। *उदाहरण*: $CH_2 = C = CH_2$ प्रोपाडाईईन [एलीन]

(3) **विलगित या असंयुग्मित डाईईन** (Isolated or Non-conjugated dienes) **:** इनमें द्विबन्ध एक से अधिक एकल बन्धों द्वारा एक दूसरे से पृथक होते हैं। *उदाहरण*: $CH_2 = CH - CH_2 - CH = CH_2$ (1, 4 पेन्टाडाईईन)

सामान्य सूत्र $C_nH_{2n-2}$ है। इस वर्ग का महत्वपूर्ण सदस्य 1, 3-ब्यूटाडाईईन है

(1) **बनाने की विधियाँ**

(i) ***एसीटिलीन से***:

$$2HC \equiv CH \xrightarrow[NH_4Cl]{Cu_2Cl_2} HC \equiv C - CH = CH_2 \xrightarrow[Pd / BaSO_4]{H_2} CH_2 = CH - CH = CH_2$$

(विनाइल एसीटिलीन; 1, 3-ब्यूटाडाईईन)

(ii) 1, 4- ***डाईक्लोरो ब्यूटेन से***:

$$\underset{\text{1,4-डाईक्लोरोब्यूटेन}}{\overset{Cl}{\underset{|}{}}CH_2 CH_2CH_2 \overset{Cl}{\underset{|}{}}CH_2} \xrightarrow{\text{.एल्को} KOH} \underset{\text{1, 3-ब्यूटाडाईईन}}{CH_2 = CH - CH = CH_2}$$

(iii) 1,4--***ब्यूटेनडाईऑल से*** :

$$\underset{\text{1, 4-ब्यूटेनडाईऑल}}{\overset{OH}{|}CH_2 CH_2CH_2 \overset{OH}{|}CH_2} \xrightarrow[\text{गर्म}]{H_2SO_4} \underset{\text{1, 3-ब्यूटाडाईईन}}{CH_2 = CH - CH = CH_2}$$

(iv) ***ब्यूटेन से*** :

$$\underset{\text{n-ब्यूटेन}}{CH_3CH_2CH_2CH_3} \xrightarrow[600^oC]{\text{उत्प्रेरक}} \underset{\text{1, 3-ब्यूटाडाईईन}}{CH_2 = CH - CH = CH_2}$$

(CrO उत्प्रेरक की तरह प्रयुक्त होता है)

(v) ***साइक्लोहैक्सीन से*** :



$$\rightarrow \underset{\text{1, 3-ब्यूटाडाईईन}}{CH_2 = CH - CH = CH_2} + \underset{\text{एथीन}}{CH_2 = CH_2}$$

(2) **भौतिक गुण:** 1,3-ब्यूटाडाईईन गैस है।

(3) **रासायनिक गुण**

(i) ***हैलोजन का योग*** :

CH = CHCH = CH + Br (1, 3-ब्यूटाडाइईन) —CCl→

→ CHBrCHBrCH=CH
3,4-डाईब्रोमो-1-ब्यूटीन (1, 2-योग) आयनीकृत विलायक में (हैक्सेन) मुख्य उत्पाद (62%)

→ CHBrCH=CH.CHBr
1,4-डाईब्रोमो-2-ब्यूटीन(1, 4-योग) आयनीकृत विलायक (एसीटिक अम्ल) में मुख्य उत्पाद (70%)

(ii) ***हैलोजन अम्लों का योग***:

CH =CH–CH=CH +HBr

→ CHCHBrCH=CH
(1, 2-योग)
3-ब्रोमो-1-ब्यूटीन
(कम ताप पर मुख्य उत्पाद)

→ CH–CH=CH–CHBr
(1, 4-योग)
1-ब्रोमो-2-ब्यूटीन
(उच्च ताप पर अधिक मात्रा)

(iii) ***जल का योग*** :

CH =CH–CH=CH +HO

→ CHCHOHCH=CH
ब्यूट-3-ईन-2-ऑल

→ CHCH=CHCHOH
ब्यूट –2-ईन-1-ऑल

(iv) ***बहुलीकरण*** :

$$nCH_2 = CHCH = CH_2 \xrightarrow{\text{परॉक्साइड}} [-CH_2CH = CHCH_2-]_n$$

1, 3-ब्यूटाडाईईन    ब्यूना रबर

***डाइल्स–एल्डर अभिक्रिया*** :




**संयुग्मित डाईईन का स्थायित्व** : इसे कार्बन परमाणुओं के मध्य इलेक्ट्रॉन अभ्र के विस्थानीकरण द्वारा स्पष्ट कर सकते हैं।

1, 3-ब्यूटाडाईईन के चार $\pi$ इलेक्ट्रॉन चारों कार्बन परमाणुओं पर विस्थानीकृत होते हैं और यही विस्थापन एल्कीन को अधिक स्थायी बनाता है।




(v) ***ओजोनीकरण*** :

$$CH_2 = CHCH = CH_2 + 2O_3 \xrightarrow{Zn/H_2O} 2HCHO + OHCCHO$$




## एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन (Aromatic Hydrocarbon)

(1) **एरीन का स्त्रोत**

एरीन का स्त्रोत कोयला है। इसमें बेन्जीन, जाइलीन, नेफ्थैलीन इत्यादि होते हैं। एरीन कोयले के भंजक आसवन के द्वारा प्राप्त होता है।

(2) **कोयले का आसवन**




❑ *कोलतार बहुसंख्या में एरीन का मिश्रण है।*

(3) **कोलतार का भंजन** : एरीन कोलतार के प्रभाजी आसवन के द्वारा पृथक होती है,

**सारणी : 24.4**

| प्रभाज का नाम | ताप की परास (*K*) | मुख्य घटक |
|---|---|---|
| हल्का तेल (या कच्चा तेल) का प्रभाज | 443 तक | बेन्जीन, टॉलुईन, जाइलीन |
| मध्य तेल प्रभाज (कार्बोलिक तेल) | 443-503 | फिनॉल, नेफ्थैलीन, पिरिडीन |
| भारी तेल प्रभाज (क्रियोसोट तेल) | 503-543 | नेफ्थैलीन, नेफ्थॉल और क्रिसॉल |
| हरा तेल (एन्थ्रासीन तेल) | 543-633 | एन्थ्रासीन, फिनेन्थ्रीन |
| पिच (अवशेष) | अवाष्पशील | कार्बन |

❑ *कोलतार के प्रभाजी आसवन के बाद जो अवशेष बचता है, वह पिच कहलाता है।*

(4) **बेन्जीन का पृथक्करण**

हल्का तेल $\xrightarrow{\text{ठण्डा } H_2SO_4}$ क्षारीय अशुद्धियों का हटना (जैसे पिरिडीन) $\xrightarrow{NaOH}$ फिनॉल का हटना (अम्लीय अशुद्धि) $\xrightarrow{\text{आसवन}}$ बेंजीन $(255 - 257\,K)$ टॉलूईन $(383\,K)$

## एरीन के सामान्य लक्षण (General characteristics of arenes)

(1) सभी एरीनों का सामान्य सूत्र $[C_nH_{2n} - 6y]$ है। जहाँ $y$ बेन्जीन वलय की संख्या और $n$ का मान 6 से कम नहीं है।

(2) एरीन चक्रीय तथा समतलीय होते हैं। वे योगात्मक अभिक्रिया के स्थान पर प्रतिस्थापन अभिक्रिया प्रदर्शित करती है।

(3) **एरोमैटिसिटी या एरोमैटिक गुण** : एरोमैटिक यौगिकों का विशिष्ट व्यवहार एरोमैटिसिटी कहलाता है। समतलीय वलय तंत्र में $\pi$-

इलेक्ट्रॉनों का वृहद् विस्थानीकरण के कारण एरोमैटिसिटी होती है। हकल (1931) ने एरोमैटिसिटी की व्याख्या निम्नलिखित नियमों के आधार पर की।

***हकल का नियम*** : एरोमैटिसिटी के लिये अणु को चक्रीय समतलीय होना चाहिए, जिसमें विस्थानीकृत $(4n+2)\pi$ इलेक्ट्रॉन होने चाहिए। जहाँ $n$ पूर्णांक है जो बराबर है 0, 1, 2, 3,------.

इस तरह, एरोमैटिक यौगिकों में 2,6,10 या 14 $\pi$ इलेक्ट्रॉनों का विस्थानीकृत मेघ होता हैं।

*उदाहरण :*  $4n+2=6$ ; $4n=4$ ; $n=\frac{4}{4}=1$

बेंजीन $6\pi$ इलेक्ट्रॉन्स
$n=1$



नैफ्थैलीन $10\pi$ इलेक्ट्रॉन्स
$n=2$



एन्थ्रासीन $14\pi$ इलेक्ट्रॉन्स
$n=3$

इसी प्रकार, साइक्लोपेण्टाडाईनाइल या ट्रोपोलियम आयन भी एरोमैटिक है, क्योंकि ये $6\pi$ इलेक्ट्रॉन रखते हैं ($n$=1).



साइक्लोपेण्टाडाईनाइल ऋणायन $6\pi$ इलेक्ट्रॉन ($n$=1)



ट्रोपोलियम आयन 6 $\pi$ इलेक्ट्रॉन ($n$=1)



साइक्लेप्रोपेनिल धनायन ($n=0$)

विषम चक्रीय यौगिकों में भी $6\pi$ इलेक्ट्रॉन होते हैं ($n=1$).



पायरोल



फ्यूरेन



थायोफीन



पिरिडीन

अणु [illegible] हकल के नियम को संतुष्ट नहीं करते हैं वे एरोमैटिक नहीं होते हैं।



साइक्लोपेन्टेनडाईईन
$4\pi$ इलेक्ट्रॉन



साइक्लोपेण्टा डाईइनायल धनायन $4\pi$ इलेक्ट्रॉन



साइक्लोऑक्टाटेट्राईन
$8\pi$ इलेक्ट्रॉन



साइक्लोप्रोपेनिल ऋणायन
$4\pi$ इलेक्ट्रॉन

(4) **प्रतिएरोमैटिसिटी** (Antiaromaticity) **:** समतलीय चक्रीय संयुग्मित प्रजाति जो संगत अचक्रीय, असंतृप्त प्रजाति से कम स्थायी होती हैं प्रतिएरोमैटिक प्रजाति कहलाती हैं। आण्विक कक्षक गणना के आधार पर स्पष्ट होता है कि इनमें $4n\pi$ इलेक्ट्रॉन होते हैं। अतः चक्रीय यौगिक जिनमें $4n\pi$ इलेक्ट्रॉन होते हैं प्रतिएरोमैटिक यौगिक कहलाते हैं तथा इनकी विशिष्टतायें प्रतिएरोमैटिसिटी कहलाती है।

*उदाहरण :* 1,3-साइक्लोब्यूटाडाईन, यह बहुत अधिक अस्थायी प्रतिएरोमैटिक यौगिक है क्योंकि इसमें $4n\pi$ इलेक्ट्रॉन होते हैं $(n=1)$.

यह 1,3 ब्यूटाडाईईन से लगभग 83.6 *किलो जूल/मोल* द्वारा कम स्थायी होता है



$4n=4$ ; $n=\frac{4}{4}=1$

इस तरह, साइक्लोब्यूटाडाईईन दो समतुल्य भागीदारी वाली संरचना दर्शाता है और इसमें $n=1$ है तथा यह 1,3-ब्यूटाडाईईन से कम स्थायी है।

हकल के नियम के अनुसार प्रतिएरोमैटिक यौगिक में $4n\pi$ इलेक्ट्रॉन के साथ चक्रीय और समतलीय संरचना होती है। ये अनुनाद के द्वारा अस्थाई हो जाते हैं। कुछ अन्य उदाहरण है,



साइक्लोप्रोपिनिल
ऋणायन $4\pi$ इलेक्ट्रॉन



साइक्लोपेन्टाडाईनाइल
$4\pi$ इलेक्ट्रॉन



साइक्लोहेप्टाट्राईनिल
ऋणायन 8 $\pi$ इलेक्टॉन



साइक्लोऑक्टाटेट्राईन
8 $\pi$ इलेक्टॉन

## बेन्जीन (Benzene या $C_6H_6$)

बेन्जीन एरीन्स का पहला सदस्य है। इसे सर्वप्रथम फैराडे (1825) ने व्हेल मछली के तेल से प्राप्त किया। मिसचरलिस (1833) ने इसे बेन्जोइक अम्ल के साथ चूने के आसवन द्वारा प्राप्त किया। हॉफमैन (1845) ने इसे कोलतार से प्राप्त किया जो कि आज भी बेन्जीन का व्यापारिक स्त्रोत है।

(1) **बेन्जीन की संरचना** : बेन्जीन की विशिष्ट संरचना होती है जो यद्यपि असंतृप्त होती है उसके बाद भी संतृप्त यौगिक की तरह व्यवहार करती है।

(i) ***कैकुले संरचना*** : कैकुले के अनुसार, बेंजीन में 6-कार्बन परमाणु षटकोण के कोने पर रहते हैं और हाइड्रोजन के साथ बंधित रहते हैं और द्विबंध एकान्तरित स्थिति पर उपस्थित रहते हैं।

(a) *कैकुले संरचना के पक्ष में प्रमाण*

• बेन्जीन हाइड्रोजन के तीन अणु अथवा क्लोरीन के तीन अणु के साथ संयोजित होती है। यह ओजोन के तीन अणु के साथ भी संयोजित होकर ओजोनाइड बनाती है। ये अभिक्रियाएँ तीन द्विबन्ध की पुष्टि करती हैं।

• चुम्बकीय घूर्णन एवं आण्विक अपवर्तन तीन द्विबन्धों एवं संयुग्मी तन्त्र की उपस्थिति को प्रदर्शित करते हैं।

• एसीटिलीन के तीन अणुओं से बेन्जीन का संश्लेषण भी कैकुले संरचना को समर्थित करता हैं।

$3CH \equiv CH \xrightarrow{\Delta}$ 

• बेन्जीन हाइड्रोजन के साथ अपचयित होकर साइक्लो हैक्सेन देती है

$C_6H_6 + 3H_2O \xrightarrow{Ni}$ 

साइक्लोहैक्सेन

(b) *कैकुले संरचना के विपक्ष में प्रमाण*

• बेन्जीन का असामान्य स्थायित्व।

• कैकुले के अनुसार बेन्जीन के दो ऑर्थो द्विप्रतिस्थापित उत्पाद सम्भव है, लेकिन व्यवहार में केवल 1 ऑर्थो द्विप्रतिस्थापित उत्पाद ही ज्ञात है।

• बेन्जीन की हाइड्रोजनीकरण ऊष्मा 49.8 *किलो कैलोरी/मोल* है, जबकि इसका सैद्धांतिक मान 85.8 *किलो कैलोरी/मोल* है। इसका मतलब अनुनादी ऊर्जा 36 *किलो कैलोरी/मोल* है।

• यद्यपि बेन्जीन में 3 द्विबंध और 3 एकल बंध होते हैं, तब भी बेन्जीन की $C-C$ बंध लम्बाई बराबर होती है जो 1.39 Å है।

कैकुले ने इन आपत्तियों का स्पष्टीकरण दिया कि बेन्जीन के द्विबंध दो संलग्न स्थितियों के बीच में लगातार दोलन करते रहते हैं।



(2) **बेन्जीन को बनाने की विधियाँ**

(i) ***प्रयोगशाला विधि*:**




(ii) ***बेन्जीन व्युत्पन्नों से***

(a) *फिनॉल से*:




(b) *क्लोरोबेन्जीन से*:




(c) *क्लोरोबेन्जीन से पहले ग्रिगनार्ड अभिकर्मक का बनना और फिर जल अपघटित होना*

$$\underset{\text{क्लोरोबेन्जीन}}{C_6H_5Cl} \xrightarrow[\text{शुष्क ईथर}]{Mg} \underset{\text{फेनिल मैग्नीशियम क्लोराइड}}{C_6H_5MgCl} \xrightarrow{H_2O} \underset{\text{बेन्जीन}}{C_6H_6} + Mg\begin{cases}OH\\Cl\end{cases}$$

(d) *बेन्जीन सल्फोनिक अम्ल से*:




(e) *बेन्जीन डाईएजोनियम क्लोराइड से*:




(f) *एसीटिलीन से बहुलीकरण द्वारा*:




❒ *इस अभिक्रिया में चक्रीय बहुलीकरण होता है।*

(g) *एरोमैटिकरण*: $$\underset{n-\text{हैक्सेन}}{C_6H_{14}} \xrightarrow[\text{500°C उच्च दाब पर}]{Cr_2O_3/Al_2O_3} \underset{\text{बेन्जीन}}{C_6H_6} + 4H_2$$

(3) **बेन्जीन के गुण**

(i) ***भौतिक गुण***

(a) बेन्जीन एक रंगहीन, चलित और वाष्पशील द्रव है। इसका क्वथनांक $80°C$ और हिमांक $5.5°C$ है। यह लाक्षणिक गन्ध वाली होती है।

(b) यह अधिक ज्वलनशील है और धुँआ युक्त ज्वाला के साथ जलती है।

(c) यह जल से हल्की है। 20°C पर इसका विशिष्ट गुरूत्व 0.8788 *g/cc* है।

(d) यह जल के साथ अमिश्रणीय है लेकिन कार्बनिक विलायकों जैसे एल्कोहल और ईथर के साथ मिश्रणीय है।

(e) बेन्जीन स्वयं एक अच्छा विलायक है। वसा, रबर इत्यादि इसमें घुल जाते हैं।

(f) यह अध्रुवीय यौगिक है और इसका द्विध्रुव आघूर्ण शून्य है।

(g) यह बहुत जहरीला पदार्थ है, वाष्प को सूँघने और चमड़ी के द्वारा अवशोषित करने पर यह जहरीला प्रभाव छोड़ती है।

(ii) ***रासायनिक गुण*** : बेन्जीन तल के ऊपर तथा नीचे $\pi$ इलेक्ट्रॉन अभ्र की उपस्थिति के कारण बेन्जीन वलय इलेक्ट्रॉन स्त्रोत के समान कार्य करती है और इलेक्ट्रॉनस्नेही अभिकर्मक यहाँ आसानी से आक्रमण कर सकते हैं, इसलिये इलेक्ट्रॉनस्नेही प्रतिस्थापन अभिक्रियायें एरोमैटिक यौगिकों की विशिष्ट अभिक्रियायें है।

बेन्जीन वलय में प्रतिस्थापन अभिक्रियायें योगात्मक अभिक्रियाओं की अपेक्षा आसानी से होती हैं क्योंकि प्रतिस्थापन अभिक्रियाओं में अनुनाद स्थायी बेन्जीन वलय तंत्र परिवर्तित नहीं होता जबकि योगात्मक अभिक्रियाओं में बेन्जीन वलय का विघटन हो जाता है। बेन्जीन की प्रमुख अभिक्रियायें निम्न है,

(a) *योगात्मक अभिक्रियाएँ*

(b) *प्रतिस्थापन अभिक्रियाएँ*

(c) *ऑक्सीकरण अभिक्रियाएँ*

(a) *योगात्मक अभिक्रियाएँ* : इसमें बेन्जीन असंतृप्त हाइड्रोकार्बन की तरह व्यवहार करती है।

**हाइड्रोजन का योग** : निकिल या प्लेटिनम उत्प्रेरक की उपस्थिति में दाब तथा 150°C पर बेन्जीन, साइक्लोहैक्सेन बनाने के लिये हाइड्रोजन से अभिक्रिया करती है।




हैलोजन का योग :





बेन्जीन हैक्सा क्लोराइड (BHC)

ओजोन का योग :




ग्लाइऑक्सल

(b) *प्रतिस्थापन अभिक्रियायें :*

नाभिकस्नेही प्रतिस्थापन :

एकआण्विक : अधिकतर एरोमैटिक प्रतिस्थापन में असामान्य है, सिर्फ एक उदाहरण है जो कि बेन्जीन डाईएजोनियम क्लोराइड में पाया जाता है।




• द्विआण्विक :




*उदाहरण :*




• विलोपन-योगात्मक क्रियाविधि : (बेन्जाइन क्रियाविधि)




• इलेक्ट्रॉनस्नेही प्रतिस्थापन अभिक्रियायें : बेन्जीन ये अभिक्रिया दर्शाती हैं क्योंकि $\pi$-इलेक्ट्रॉन के विस्थापन के कारण यह एक इलेक्ट्रॉन धनीतन्त्र है।




**सारणी : 24.5**

| इलेक्ट्रॉनस्नेही ($E^{\oplus}$) | नाम | स्त्रोत | प्रतिस्थापन अभिक्रिया का नाम |
|---|---|---|---|
| $Cl^+$ | क्लोरोनियम | $Cl_2 + AlCl_3$ या $FeCl_3$ | क्लोरीनीकरण |
| $Br^+$ | ब्रोमोनियम | $Br_2 + AlBr_3$ या $FeBr_3$ | ब्रोमीनीकरण |
| $NO_2^+$ | नाइट्रोनियम | $HNO_3 + H_2SO_4$ | नाइट्रीकरण |
| $SO_3$ | सल्फर ट्राई ऑक्साइड | *Conc.* $H_2SO_4$, *सधूम सल्फ्यूरिक अम्ल* | सल्फोनीकरण |
| $R^+$ | एल्किल कार्बोनियम | $RX + AlX_3$ $(X = Cl$ या $Br)$, $ROH + H^+$ | फ्रीडल-क्राफ्ट (एल्काइलीकरण) |
| $R-\overset{+}{C}=O$ | एसाइल कार्बोनियम | $RCOCl + AlCl_3$ | फ्रीडल-क्राफ्ट (एसाइलीकरण) |

● मुक्त मूलक एरोमैटिक प्रतिस्थापन : बहुत कम एरोमैटिक प्रतिस्थापन अभिक्रियायें होती हैं जो कि मुक्त मूलक क्रियाविधि का पालन करती है, और इनका न्यूनतम संश्लेषण महत्व होता है किन्तु इन अभिक्रियाओं के कुछ सामान्य उदाहरण है :

$$(CH_3)_3COOC-(CH_3)_3 \xrightarrow{\text{गर्म}} 2(CH_3)_3C\dot{O} \longrightarrow 2\dot{C}H_3 + 2CH_3COCH_3$$




उच्च ताप पर बेन्जीन के क्लोरीनीकरण की क्रियाविधि मुक्त मूलक एलिफैटिक प्रतिस्थापन के समान होती है।

$Cl_2 \longrightarrow \dot{C}l + \dot{C}l$ (श्रृंखला प्रारंभन)

$C_6H_6 + \dot{C}l \longrightarrow \dot{C}_6H_5 + HCl$ (*H*- निष्कासन)

$\dot{C}_6H_5 + Cl_2 \longrightarrow C_6H_5Cl + \dot{C}l$ (श्रृंखला संचयन)

(c) ऑक्सीकरण : $2C_6H_6 + 15O_2 \longrightarrow 12CO_2 + 6H_2O$

$\Delta H = 6530$ *किलो जूल / मोल*

जब बेन्जीन वाष्पों एवं वायु को 450 – 500°*C*, पर वेनेडियम पेन्टाऑक्साइड के ऊपर से गुजारा जाता है, तो मैलिक एनहाइड्राइड प्राप्त होता है

$$C_6H_6 + 9[O] \xrightarrow[450-500^\circ C]{V_2O_5} \begin{matrix} CHCO \\ \| \\ CHCO \end{matrix} > O + 2CO_2 + 2H_2O$$

मैलिक एनहाइड्राइड

❒ *प्रबल ऑक्सीकारक गर्म करने पर, बेन्जीन को धीरे-धीरे $CO_2$ और जल में परिवर्तित कर देते हैं।*

(d) *अपचयन* :




(iii) ***उपयोग*** : (a) शुष्क धुलाई में (b) पेट्रोल के साथ मिश्रित करने पर मोटर ईंधन के रूप में (c) विलायक के रूप में (d) गैमेक्सीन के निर्माण में (कीटनाशक के रूप में) (e) नाइट्रोबेन्जीन, क्लोरोबेन्जीन, बेन्जीन सल्फोनिक अम्ल, एनिलीन, स्टाइरीन इत्यादि के निर्माण में। इनमें से कई रंजक, दवाईयाँ, प्लास्टिक, कीटनाशक इत्यादि के निर्माण में उपयोगी होते हैं।

## प्रतिस्थापित बेन्जीन व्युत्पन्नों में दिशात्मक प्रभाव
## (Directive effect in substituted benzene derivatives)

(i) **एकल प्रतिस्थापित बेन्जीन व्युत्पन्नों में दिशात्मक प्रभाव :** बेन्जीन वलय पर पहले से उपस्थित प्रतिस्थापी समूह आने वाले प्रतिस्थापी समूह को ऑर्थो (2, 6), मैटा (3, 5) और पैरा (4) स्थिति पर निर्देशित करता है। यह निर्देशन प्रभाव पहले से उपस्थित प्रतिस्थापित समूह की प्रकृति पर निर्भर करता है और इस प्रभाव को **निर्देशक या अभिविन्यासन प्रभाव** (directive or the orientation effect) **कहते हैं।**

पहले से उपस्थित प्रतिस्थापी आगे होने वाले प्रतिस्थापन की दर को घटा या बढ़ा सकते हैं, अर्थात् ये बेन्जीन वलय को आगे होने वाले प्रतिस्थापन के लिये सक्रिय या निष्क्रिय करते हैं। इस प्रभाव को **क्रियाशीलता प्रभाव** (*Activity effects*) **कहते हैं।**

दो प्रकार के प्रतिस्थापी होते हैं जो दिशात्मक प्रभाव उत्पन्न करते हैं,

(i) वे जो ऑर्थो और पैरा स्थिति पर आने वाले समूहों को क्रमवत निर्देशित करते हैं सक्रियत समूह कहलाते हैं क्योंकि ये ऑर्थो और पैरा केन्द्रों पर इलेक्ट्रॉन उपलब्धता को बढ़ाते हैं।

(ii) वे जो आने वाले समूह को केवल मैटा स्थिति पर निर्देशित करते हैं असक्रियत समूह कहलाते हैं क्योंकि ये ऑर्थो और पैरा केन्द्रों पर इलेक्ट्रॉनों की उपलब्धता को घटाते हैं।

| ऑर्थो-पैरा निर्देशक समूह | *मैटा निर्देशक समूह* |
|---|---|
| प्रबल सक्रियक $-\ddot{N}H_2, -\ddot{N}HR, -\ddot{N}R_2, -\ddot{O}H, -\ddot{O}:^-$ | मध्यम निष्क्रियक $-C\equiv N, -SO_3H, -COOH, -COOR, -CHO, COR$ |
| मध्यम सक्रियक $-\ddot{N}HCOCH_3, -\ddot{N}HCOR, -\ddot{O}CH_3, -\ddot{O}R$ | प्रबल निष्क्रियक $-NO_2, -NR_3^{\oplus}, -CF_3, -CCl_3$ |
| दुर्बलतम सक्रियक $-CH_3, -C_2H_5, -R, -C_6H_5$<br>दुर्बलतम निष्क्रियक $-\ddot{F}:, -\ddot{Cl}:, -\ddot{Br}:, -\ddot{I}:$ | |

**ऑर्थो–पैरा निर्देशित समूह का सिद्धान्त**






उपरोक्त क्रियाविधि का पालन होता है जब $S$ है, $-OH, -NH_2, -Cl, -Br, -I, -OR, -NR_2, -NHCOR$ आदि



मेथिल या एल्किल समूह में, मेथिल या एल्किल समूह का $+I$ प्रभाव अनुनाद प्रभाव प्रारंभ करता हैं।

इसलिए, मेथिल या एल्किल समूह सारे इलेक्ट्रॉनस्नेहियों को ऑर्थो और पैरा स्थिति पर निर्देशित करते हैं इसीलिए बेंजीन की अपेक्षा एल्किल बेंजीन में इलेक्ट्रोफिलिक प्रतिस्थापन तेजी से होता है।

**मैटा निर्देशित समूह का सिद्धान्त :** प्रतिस्थापी $S$, ऑर्थो और पैरा स्थिति से इलेक्ट्रॉन को खींचता है। इस तरह मैटा स्थिति उच्च इलेक्ट्रॉन घनत्व वाला बिन्दु होता है और आगे इलेक्ट्रॉन स्नेही प्रतिस्थापन मैटा स्थिति पर सम्पन्न होता है। उदाहरण के लिये : $-NO_2$ समूह मैटा निर्देशित है इसकी क्रियाविधि निम्नवत् रूप में प्रदर्शित करते हैं :



सभी मैटा निर्देशित समूह या तो पूरा धनात्मक आवेश या आंशिक धनात्मक आवेश उस परमाणु पर रखते हैं जो कि वलय से सीधा जुड़ा होता है।

(2) **द्विप्रतिस्थापी बेन्जीन में निर्देशन प्रभाव**

(i) यदि दो प्रतिस्थापियों का निर्देशन प्रभाव एक ही स्थिति पर होता है तो एकल उत्पाद का निर्माण होता है।

*उदाहरण :*




इस प्रकार, दोनों $(CH_3, NO_2)$ आगे होने वाले प्रतिस्थापन को समान स्थिति पर ( $CH_3$ के सापेक्ष ऑर्थो) पर निर्देशित करते हैं।

(ii) यदि दो समूहों का दिशात्मक प्रभाव विपरीत हो तो प्रबल सक्रिय समूह दुर्बल या निष्क्रिय समूह पर विजयी होगा।

$-NH_2 > -OH > -OCH_3 - > NHCOCH_3 > -C_6H_5 > CH_3 >$ मैटा निर्देशक




*उदाहरण :*



(iii) जब दो समूह एक दूसरे से मैटा स्थिति पर हो तो सामान्यतः कम प्रतिस्थापन होता है। तीन निकटवर्ती प्रतिस्थापियों के साथ एरोमैटिक वलय सामान्यतः समान दूसरे पथ से बनाया जाता है।




## टॉलुईन, मेथिल बेन्जीन या फेनिल मेथेन
## (Toluene, methyl benzene or phenyl methane)

टॉलुईन, बेन्जीन का सबसे सरलतम सजातीय है। इसे सर्वप्रथम टॉल्यूबालसम के शुष्क आसवन के द्वारा प्राप्त किया गया और टॉलुईन नाम दिया गया। इसे व्यापारिक रूप से टॉल्युअल के नाम से जानते हैं।

(1) **बनाने की विधियाँ**

(i) ***बेन्जीन से*** [फ्रीडल क्राफ्ट अभिक्रिया] :




❐ *एल्किल हैलाइड की अभिक्रिया समावयवी परिवर्तन करती है।*

$$C_6H_6 + ClCH_2CH_2CH_3 \xrightarrow{AlCl_3} C_6H_5CH\begin{matrix} CH_3 \\ CH_3 \end{matrix} + HCl$$

$n-$प्रोपिल क्लोराइड — आइसोप्रोपिल बेन्जीन (65 −70%) (क्यूमीन)

❐ *निर्जलीय $AlCl_3$ की जगह अन्य उत्प्रेरकों का उपयोग हो सकता है,*

$AlCl_3 > SbCl_3 > SnCl_4 > BF_3 > ZnCl_2 > HgCl_2$

(ii) ***वुर्ट्ज फिटिग अभिक्रिया*:**




(iii) ***विकार्बोक्सिलीकरण*:**

$$C_6H_4\begin{matrix} CH_3 \\ COONa \end{matrix} + NaOH \xrightarrow{\text{सोडालाइम}} C_6H_5CH_3 + Na_2CO_3$$

($o$-,$m$- या $p$-) सोडियम टॉलुएट — टॉलुईन

(iv) ***क्रिसॉल से*:**



(v) ***टॉलुईन सल्फोनिक अम्ल से*** :




(vi) ***टॉलुईडीन से*** :




(vii) ***ग्रिगनार्ड अभिकर्मक से*** :




(viii) ***व्यापारिक निर्माण***

*कोलतार से* : कोलतार के हल्के तेल का प्रभाज टॉलुईन के व्यापारिक निर्माण का प्रमुख स्त्रोत है। क्षार को हटाने के लिये सान्द्र $H_2SO_4$ से हल्के तेल प्रभाज को धोया जाता है। फिर अम्लीय पदार्थों को हटाने के लिए $NaOH$ से धोया जाता है। फिर अंततः जल से धोया जाता है। इसका प्रभाजी आसवन होता है। $80-110°C$ के बीच में जो वाष्प एकत्रित होती हैं उसमें 90% बेन्जोल होता है जिसमें $70-80\%$ बेन्जीन और $14-24\%$ टॉलुईन होती है। 90% बेन्जोल का पुनः आसवन होता है फिर $108-110°C$ पर जो वाष्प एकत्रित होती है वो टॉलुईन है।

(ix) ***n-हैप्टेन और मेथिल साइक्लोहैक्सेन से***




**(2) भौतिक गुण**

(i) यह रंगहीन गतिशील द्रव है जिसमें लाक्षणिक एरोमैटिक गंध होती है।

(ii) यह जल से हल्का होता है (20°C पर विशिष्ट गुरुत्व 0.867 है)

(iii) यह जल में अघुलनशील है, लेकिन सभी अनुपातों में एल्कोहल और ईथर में अमिश्रणीय है।

(iv) इसकी वाष्पें ज्वलनशील होती हैं। इसका क्वथनांक 110°C और हिमांक –96°C है।

(v) यह कई कार्बनिक यौगिकों के लिये अच्छा विलायक है।

(vi) यह दुर्बल ध्रुवीय यौगिक है जिसका द्विध्रुव आघूर्ण 0.4*D* है।

(3) **रासायनिक गुण :** टॉलुईन एलिफैटिक और एरोमैटिक दोनों का व्यवहार दर्शाती है




(i) ***इलेक्ट्रॉनस्नेही प्रतिस्थापन अभिक्रियायें*** : मेथिल समूह में इलेक्ट्रॉन निर्मोची प्रवृति के कारण इलेक्ट्रोफिलिक प्रतिस्थापन *o*- और *p*- स्थिति पर होता है।




❒ *E*, $\overset{+}{Cl}, \overset{+}{NO_2}, \overset{+}{SO_3H}$ *आदि हो सकता है।*

(ii) ***पार्श्व श्रृंखला की अभिक्रियायें***

(a) *पार्श्व श्रृंखला हैलोजनीकरण* :




❒ *जलीय कास्टिक सोडा के साथ बेन्जिल क्लोराइड जलअपघटन द्वारा बेन्जिल एल्कोहल बनाता है।*

$$\underset{\text{(बेन्जिल क्लोराइड)}}{C_6H_5CH_2Cl} + NaOH \longrightarrow C_6H_5CH_2OH + NaCl$$

❒ *बेन्जल क्लोराइड जल अपघटन पर बेन्जल्डिहाइड बनाता है।*

$$\underset{\text{(बेन्जल क्लोराइड)}}{C_6H_5CHCl_2} + 2NaOH \longrightarrow C_6H_5CH(OH)_2 + 2NaCl$$
$$\downarrow$$
$$C_6H_5CHO + H_2O$$

❒ *बेन्जोट्राईक्लोराइड जल अपघटन पर बेन्जोइक अम्ल बनाता है।*

$$\underset{\text{(बेन्जो ट्राईक्लोराइड)}}{C_6H_5CCl_3} + 3NaOH \longrightarrow C_6H_5C(OH)_3 + 3NaCl$$
$$\downarrow$$
$$C_6H_5COOH + H_2O$$

(b) *ऑक्सीकरण* :

• गर्म अम्लीय $KMnO_4$ के साथ :




• अम्लीय मैंग्नीज डाईऑक्साइड या क्रोमिल क्लोराइड के साथ (इटार्ड अभिक्रिया) :



❒ *सभी एल्किल बेन्जीन गर्म अम्लीय $KMnO_4$ या $Na_2Cr_2O_7$ के साथ ऑक्सीकरण पर बेन्जोइक अम्ल बनाती हैं। पार्श्व श्रृंखला की लम्बाई कोई महत्व नहीं रखती।*

(c) *हाइड्रोजनीकरण* :




(d) *दहन* : $C_6H_5CH_3 + 9O_2 \longrightarrow 7CO_2 + 4H_2O$

(e) *ओजोनीकरण* :




(4) **उपयोग**

(i) बेन्जिल क्लोराइड, बेन्जल क्लोराइड, बेन्जिल एल्कोहल, बेन्जल्डिहाइड, बेन्जोइक अम्ल, सैकरिन इत्यादि के निर्माण में :

(ii) ट्राईनाइट्रोटॉलुईन (TNT), एक विस्फोटक पदार्थ के निर्माण में।

(iii) औद्योगिक विलायक और शुष्क धुलाई के लिये।

(iv) पेट्रोल प्रतिस्थापी के रूप में।

(v) कुछ रंजक और दवाईयों के निर्माण में।

### T.N.T. (ट्राईनाइट्रो टॉलुईन)

**बनाने की विधियाँ** :




**गुण** : यह हल्का पीला क्रिस्टलीय ठोस है (गलनांक = 81°C).

**उपयोग** : • यह ट्रोटिल नाम से बम, टारपीडो और चट्टानों में विस्फोटक के रूप में उपयोग होता हैं।

• जब 80% अमोनियम नाइट्रेट के साथ मिश्रित किया जाता है तो विस्फोटक **एमेटॉल** बनाता है।

• TNT एमोनल के नाम से एल्युमीनियम नाइट्रेट, एलुमिना और चारकोल के मिश्रण के रूप में उपयोग होता है।

### T.N.B. (ट्राई.नाइट्रो बेन्जीन)

**बनाने की विधि** :







**गुण और उपयोग** : यह एक रंगहीन ठोस है (गलनांक = 122°C) यह T.N.T. से ज्यादा विस्फोटक है और विस्फोटक बनाने में उपयोग होता है।

## जाइलीन या डाई मेथिल बेन्जीन

**(Xylenes or Dimethyl benzene) $C_6H_4(CH_3)_2$**

आण्विक सूत्र $C_8H_{10}$ 4 समावयवी दर्शाता है।




इन्हें बेन्जीन, टॉलुईन और एथिल बेन्जीन के साथ उत्पन्न किया जाता है, जब पेट्रोलियम नेफ्था के $C_6 - C_8$ प्रभाज का एरोमैटीकरण किया जाता है। परिणामी मिश्रण (BTX) से जाइलीन का पृथक्करण प्रभाजी आसवन द्वारा करते हैं।

वुर्ट्ज फिटिंग अभिक्रिया के द्वारा बनाये जा सकते हैं। ब्रोमोटॉलुईन और मेथिल ब्रोमाइड मिश्रण को सोडियम के साथ शुष्क ईथरीय विलयन में जाइलीन बनाने के लिये अभिकृत करते हैं।




• p-फ्रीडेल क्राफ्ट संश्लेषण द्वारा भी प्राप्त हो सकती हैं,

• m-जाइलीन को मेसीटिलीन से प्राप्त किया जा सकता है।

जाइलीन रंगहीन द्रव है जिसकी लाक्षणिक गंध होती है। तीन समावयवियों का क्वथनांक है,

o-जाइलीन=144°C; m-जाइलीन=139°C; p-जाइलीन =138°C.

जाइलीन इलेक्ट्रॉनस्नेही प्रतिस्थापन अभिक्रिया में भाग लेती है जैसे कि टॉलुईन भाग लेती है। $KMnO_4$ या $K_2Cr_2O_7$ के साथ ऑक्सीकरण पर जाइलीन द्विकार्बोक्सिलिक अम्ल का निर्माण करती है।



जाइलीन का उपयोग वार्निश और रबर के विलायक के निर्माण में करते हैं। थैलिक एनहाइड्राइड के निर्माण के लिये *o*-जाइलीन का उपयोग करते हैं।

## एथिल बेन्जीन (Ethyl benzene या $C_6H_5C_2H_5$)

यह निम्न अभिक्रियाओं के द्वारा निर्मित की जा सकती है,

(1) **वुर्ट्ज फिटिग अभिक्रिया द्वारा :**

$$C_6H_5Br + 2Na + BrC_2H_5 \longrightarrow C_6H_5C_2H_5 + 2NaBr$$

(2) **फ्रीडल.क्राफ्ट अभिक्रिया द्वारा :**

$$C_6H_5H + BrC_2H_5 \xrightarrow{AlCl_3} C_6H_5C_2H_5 + HBr$$

(3) **स्टाइरीन के उत्प्रेरकीय अपचयन द्वारा :**

$$C_6H_5CH = CH_2 + H_2 \longrightarrow C_6H_5CH_2CH_3$$

(4) **एल्किल बेन्जीन के संश्लेषण द्वारा :**

$$C_6H_5H + H_2C = CH_2 \xrightarrow[95°C, \text{दाब}]{AlCl_3, HCl} C_6H_5CH_2CH_3$$

यह टॉलुईन के समान इलेक्ट्रॉनस्नेही प्रतिस्थापन अभिक्रियाओं में भाग लेती है। जब तनु $HNO_3$ या क्षारीय $KMnO_4$ या क्रोमिक अम्ल के साथ ऑक्सीकरण होता है तब ये बेन्जोइक अम्ल का निर्माण करती है।

$$C_6H_5C_2H_5 \xrightarrow{[O]} C_6H_5COOH$$

## स्टाइरीन (Styrene $C_6H_5CH=CH_2$)

यह स्टोरेक्स बालसम और कोलतार में अल्प मात्रा में उपस्थित होती है।

(1) **बनाने की विधियाँ**

(i) ***एथिल बेन्जीन की पार्श्व श्रृंखला के विहाइड्रोजनीकरण से :***




बेन्जीन   एथिल बेन्जीन   स्टाइरीन

(ii) ***सिनेमिक अम्ल का विकार्बोक्सिलीकरण :*** यह प्रयोगशाला विधि है। यह सिनेमिक अम्ल को क्विनॉल की थोड़ी मात्रा के साथ गर्म करने पर प्राप्त होता है।

$$C_6H_5CH = CHCOOH \xrightarrow{\text{क्विनॉल}} C_6H_5CH = CH_2 + CO_2$$

(iii) ***$H_2SO_4$ के साथ 1-फेनिल एथेनॉल का निर्जलीकरण :***

$$C_6H_5CHOHCH_3 \xrightarrow[-H_2O]{H_2SO_4} C_6H_5CH = CH_2$$

(iv) ***$ZnCl_2$ के साथ 2-फेनिल एथेनॉल का निर्जलीकरण :***

$$C_6H_5CH_2CH_2OH \xrightarrow[-H_2O]{ZnCl_2, \text{गर्म}} C_6H_5CH = CH_2$$

(v) ***1-फेनिल-1-क्लोरो एथेन का विहाइड्रोहैलोजनीकरण :*** एल्कोहलिक पोटेशियम हाइड्रॉक्साइड के साथ गर्म करने पर क्लोरो व्युत्पन्न से हाइड्रोजन क्लोराइड का एक अणु विलोपित होता है।

$$C_6H_5CHClCH_3 \xrightarrow[\text{गर्म}]{\text{एल्को}KOH} C_6H_5CH = CH_2$$

(2) **गुण :** यह एक रंगहीन द्रव है जिसका क्वथनांक 145°*C* है, रखने पर यह एक ठोस बहुलक में परिवर्तित हो जाता है जिसका नाम **मैटास्टाइरीन** है। सूर्य की रोशनी में या सोडियम के साथ अभिक्रिया कराने पर बहुलीकरण तीव्रता से होता है। यह बेन्जीन वलय (इलेक्ट्रॉनस्नेही प्रतिस्थापन) और असंतृप्त पार्श्व श्रृंखला (इलेक्ट्रॉनस्नेही योगात्मक अभिक्रिया) के गुण दर्शाता है किंतु द्विबंध युक्त पार्श्व श्रृंखला इलेक्ट्रॉनस्नेही आक्रमण के प्रति बेन्जीन वलय की तुलना में अधिक सुग्राही होती है।

स्टाइरीन कम ताप और दाब पर हाइड्रोजन के साथ अभिक्रिया करके एथिल बेन्जीन उत्पन्न करती है और अधिक ताप और दाब पर एथिल साइक्लोहैक्सेन में परिवर्तित होती है।




स्टाइरीन   एथिल बेन्जीन   एथिल साइक्लोहैक्सेन

ब्रोमीन के साथ यह डाईब्रोमाइड देता है।




स्टाइरीन   स्टाइरीन डाईब्रोमाइड

हैलोजन अम्ल का पार्श्व श्रृंखला में योग होता है

$$C_6H_5CH = CH_2 + HX \longrightarrow C_6H_5CHXCH_3$$

वलय प्रतिस्थापी स्टाइरीन को प्रत्यक्ष रूप से हैलोजनीकरण के द्वारा नहीं बनाया जा सकता लेकिन अप्रत्यक्ष मार्ग से बनाया जा सकता है।




जब जटिल परिस्थितियों में ऑक्सीकृत करते हैं तो पार्श्व श्रृंखला कार्बोक्सिल समूह में पूर्ण ऑक्सीकृत हो जाती है।




स्टाइरीन   बेन्जोइक अम्ल

परऑक्साइड की उपस्थिति में, स्टाइरीन में मुक्त मूलक बहुलीकरण होता है, जो कि पॉलीस्टाइरीन बनाता है जो कि एक महत्वपूर्ण औद्योगिक प्लास्टिक है।

$$nC_6H_5CH=CH_2 \xrightarrow{\text{परॉक्साइड}} \left[ \begin{array}{c} -CH-CH_2- \\ | \\ C_6H_5 \end{array} \right]_n$$

ब्यूटाडाईईन और दूसरे पदार्थों के साथ स्टाइरीन का सहबहुलक भी महत्वपूर्ण है चूँकि उनमें से कई उद्योग के लिये महत्वपूर्ण उत्पाद है जैसे *SBR* (रबर प्रतिस्थापी)

## बाई–फेनिल (Biphenyl या $C_6H_5-C_6H_5$)

यह कोलतार में मिलता है। यह एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन का सरलतम उदाहरण है जिसमें दो बेन्जीन वलय एक दूसरे से प्रत्यक्ष जुड़े रहते हैं।

(1) **बनाने की विधियाँ**

(i) ***फिटिंग अभिक्रिया*** : ब्रोमोबेन्जीन के ईथरीय विलयन को धातु सोडियम के साथ गर्म करने पर यह अभिक्रिया होती है।




(ii) ***उल्मान बाईएरिल संश्लेषण*** : एक बंद ट्यूब में आयोडोबेन्जीन को कॉपर के साथ गर्म करने पर बाईफेनिल का निर्माण होता है। यदि एक प्रबल इलेक्ट्रॉनआकर्षी समूह ऑर्थो और पैरा स्थिति पर उपस्थित हो तो यह अभिक्रिया अधिक सुगमता से होती है।




(iii) ***ग्रिगनार्ड अभिक्रिया*** : $CoCl_2$ की उपस्थिति में फेनिल मैग्नीशियम ब्रोमाइड की अभिक्रिया ब्रोमोबेन्जीन के साथ होती है।




(2) **गुण :** यह रंगहीन ठोस है जिसका गलनांक 71°*C* हैं इसमें इलेक्ट्रॉनस्नेही प्रतिस्थापी अभिक्रियायें होती हैं। चूँकि एरिल समूह इलेक्ट्रॉन आकर्षी होते हैं इनमें निष्क्रियता और मैटा विन्यासी प्रभाव होना चाहिए लेकिन यह प्रायोगिक रूप से दर्शा दिया गया है कि इलेक्ट्रॉनस्नेही प्रतिस्थापन के लिये एक बेन्जीन वलय की उपस्थिति दूसरे को सक्रिय करती है और आने वाले समूह को *o*- और *p*- स्थिति पर निर्देशित करती है। यह भी दर्शा दिया गया है कि बाई-फेनिल में एकल प्रतिस्थापन मुख्य रूप से पैरा समावयवी का निर्माण करता है।

बाई-फेनिल का दूसरा विशिष्ट गुण एकल प्रतिस्थापी में दूसरे प्रतिस्थापन की ओर व्यवहार है। दूसरा प्रतिस्थापी अप्रतिस्थापित वलय की ऑर्थो या पैरा स्थिति में प्रवेश करता है और यह इस पर निर्भर नहीं करता कि पहले से वलय में कौन सा प्रतिस्थापी उपस्थित है।



# Tips & Tricks

✍ ऑक्टेन संख्या शून्य से कम हो सकती है (उदाहरण, *n*-नोनेन की ऑक्टेन संख्या -45 है) एवं 100 से अधिक हो सकती है (उदाहरण, ट्रिप्टेन या 2, 3, 3-ट्राई मेथिल ब्यूटेन की ऑक्टेन संख्या 124 है)।

✍ लैड प्रदूषण को रोकने के लिये एक नया यौगिक साइक्लोपेण्टाडाईईनाइल मैंग्नीज कार्बोनिल आजकल विकसित देशों में उपयोग होता है। यह AK-33-X (सीसाहीन पेट्रोल) कहलाता है।



✍ फॉस्फीन एवं हाइड्रोजन सल्फाइड की अशुद्धियों के कारण एसीटिलीन (अशुद्ध) में लहसुन जैसी गंध होती है।

✍ फ्लोरीनीकरण एक हिंसक अभिक्रिया है और नाइट्रोजन के साथ फ्लोरीन को तनु करके नियंत्रित की जा सकती है।

✍ जल, एल्कोहल, एसीटिलीन, अमोनिया, एथिलीन एवं एथेन की सापेक्षिक अम्लीय लाक्षणिकता का क्रम निम्न है :

$H_2O > ROH > HC \equiv CH > NH_3 > CH_2 = CH_2 > CH_3 - CH_3$

स्पष्ट है कि, उनके संयुग्मी क्षारों की क्षारीय लाक्षणिकता विपरीत क्रम का पालन करती है, अर्थात्,

$CH_3CH_2^- > CH_2 = CH^- > NH_2^- > HC \equiv C^- > RO^- > HO^-$

✍ विल्किन्सन उत्प्रेरक : (ट्राईफेनिलफॉस्फीन रोडियम), $(PPh_3)_3RhCl$ विल्किनसन उत्प्रेरक कहलाता है। यह एल्कीन एवं एल्काइन को अपचयित कर देता है जबकि दूसरे सामान्य क्रियात्मक समूह जैसे $C=O$, $NO_2$ एवं $C \equiv N$ अप्रभावित रहते हैं।

✍ एल्केन में प्राथमिक (1°), द्वितीयक (2°) एवं तृतीयक (3°) हाइड्रोजन की क्रियाशीलता का क्रम है : 3° > 2° > 1°.

# Ordinary Thinking

## Objective Questions

### एल्केन

1. निम्न में से कौनसा सूत्र एल्केनों को प्रदर्शित करता है [CPMT 1976]
   (a) $C_5H_8$ (b) $C_8H_6$
   (c) $C_9H_{10}$ (d) $C_7H_{16}$

2. क्वथनांकों का घटता हुआ क्रम है [BHU 1999]
   (a) *n*-पेण्टेन > आइसो-पेण्टेन > नियो-पेण्टेन
   (b) आइसो-पेण्टेन > *n*-पेण्टेन > नियो-पेण्टेन
   (c) नियो-पेण्टेन > आइसो-पेण्टेन > *n*-पेण्टेन
   (d) *n*-पेण्टेन > नियो-पेण्टेन > आइसो-पेण्टेन

3. शुद्ध n-हैक्सेन बनाने के लिए यदि एक क्रियाकारक के रूप में सोडियम धातु ले, तो दूसरे क्रियाकारक क्या होंगे [BHU 1999]
   (a) *n*-प्रोपिल ब्रोमाइड
   (b) एथिल ब्रोमाइड और *n*-ब्यूटिल ब्रोमाइड
   (c) एथिल क्लोराइड और *n*-ब्यूटिल क्लोराइड
   (d) मेथिल ब्रोमाइड और *n* –पेण्टिल क्लोराइड

4. हैलोएल्केन से ग्रिगनार्ड अभिकर्मक बनाने के लिये, धातु प्रयुक्त होती है [RPET 1999]
   (a) *Mg* (b) *Zn*
   (c) *Li* (d) *K*

5. सोडियम एसीटेट को एथेन में बदला जा सकता है [Pune CET 1998]
   (a) $LiAlH_4$ के साथ गर्म करके
   (b) इसके जलीय विलयन के वैद्युत-अपघटन द्वारा
   (c) सोडालाइम के साथ गर्म करने पर
   (d) कैल्शियम एसीटेट के साथ गर्म करने पर

6. अपस्फोटक रोधी संघटन जिसका उपयोग स्पार्क प्लग, दहन-कक्ष तथा निष्कासन पम्प में लैड ऑक्साइड को एकत्र होने से रोकने हेतु किया जाता है [KCET 1998]
   (a) ग्लिसरॉल (b) ग्लाइकॉल
   (c) 1, 2-डाइब्रोमोएथेन (d) बेंजीन

7. निम्न में से पेट्रोलियम का कौनसा भाग कैरोसिन तेल से सम्बन्धित है [DCE 1999]
   (a) $C_{15} - C_{18}$ (b) $C_{10} - C_{12}$
   (c) $C_5 - C_9$ (d) $C_1 - C_9$

8. $CH_3 - Br + 2Na + Br - CH_3 \rightarrow$ उत्पाद, इस अभिक्रिया को कहते हैं [Pb. CET 1999; CPMT 1983, 86; KCET 1992; MP PMT 1994; BHU 1998; MP PMT 2002; MP PET 1986]
   (a) वुर्ट्ज अभिक्रिया (b) एल्डोल संघनन
   (c) पर्किन अभिक्रिया (d) लेविट अभिक्रिया

9. आयोडोएथेन जब शुष्कईथर की उपस्थिति में सोडियम से क्रिया करता है तो प्राप्त होता है [AFMC 1997; KCET 1998]
   (a) पेण्टेन (b) प्रोपेन
   (c) ब्यूटीन (d) ब्यूटेन

10. निम्नलिखित में कौन $KMnO_4$ द्वारा ऑक्सीकृत होता है
    (a) मेथेन (b) पेण्टेन
    (c) आइसोब्यूटेन (d) नियोपेण्टेन

11. निम्न में कौन सबसे अधिक स्थायी है [AIIMS 2001]
    (a) $\overset{+}{C}H_3$ (b) $CH_3 - \underset{+}{\overset{H}{\overset{|}{C}}} - H$
    (c) $CH_3 - \underset{+}{\overset{H}{\overset{|}{C}}} - CH_3$ (d) $CH_3 - \underset{+}{\overset{CH_3}{\overset{|}{C}}} - CH_3$

12. सर्वाधिक वाष्पशील यौगिक है [DPMT 2000]
    (a) 2, 2-डाईमेथिल प्रोपेन (b) 2-मेथिल ब्यूटेन
    (c) आइसोब्यूटेन (d) *n*-पेण्टेन

13. वुर्ट्ज क्रिया में अभिकर्मक है [EAMCET 1998]
    (a) *Na* (b) *Na*/द्रव $NH_3$
    (c) *Na*/शुष्क ईथर (d) *Na*/शुष्क एल्कोहल

14. निम्न में से किसकी ऑक्टेन संख्या सर्वाधिक है [MP PMT 2000]
    (a) *n*-हैक्सेन (b) *n*-हैप्टेन
    (c) *n*-पेण्टेन (d) 2, 2, 4-ट्राइमेथिल पेण्टेन

**15.** फ्रिऑन-12 क्या है? [RPET 1999]
(a) कीटनाशी (b) प्रशीतक
(c) विलायक (d) स्नेहक

**16.** ऑक्टेन नम्बर 80 वाले पेट्रोल में होगा [MP PET 2000]
(a) 20% n हैप्टेन + 80% आइसो-ऑक्टेन
(b) 80% n हैप्टेन + 20% आइसो-ऑक्टेन
(c) 20% n हैप्टेन + 80% n ऑक्टेन
(d) 80% n हैप्टेन + 20% n ऑक्टेन

**17.** निम्नलिखित में से कौनसी अभिक्रियाएँ प्रोपेन नहीं देंगी [DPMT 2005]
(a) $CH_3CH_2CH_2Cl \xrightarrow[H_2O]{Mg\ /\ \text{ईथर}}$
(b) $CH_3COCl \xrightarrow[H_2O]{CH_3MgX}$
(c) $CH_3CH = CH_2 \xrightarrow[CH_3COOH]{B_2H_6}$
(d) $CH_3\underset{\displaystyle |\atop OH}{CH} - CH_3 \xrightarrow{P/HI}$

**18.** मेथेन अणु का आकार है [MP PET 1997, 2001]
(a) रेखीय (b) समतलीय त्रिकोण
(c) वर्ग समतलीय (d) चतुष्फलकीय

**19.** कौनसा केवल एक ब्रोमीनेटेड उत्पाद देता है [CPMT 1996]
(a) ब्यूटीन-2 (b) 2, 2-डाइमेथिलप्रोपेन
(c) ब्यूटाइन-1 (d) ब्यूटेनॉल-3

**20.** मिट्टी के तेल का उपयोग ईंधन के रूप में किया जाता है क्योंकि यह [CPMT 1996]
(a) कम वाष्पशील है (b) अधिक वाष्पशील है
(c) सस्ता है (d) बहुतायत में उपलब्ध है

**21.** $CH_3 - CH_2 - CH_2 - CH_3 \xrightarrow[HBr]{AlCl_3}$ उत्पाद, इस अभिक्रिया में बनने वाला उत्पाद है [RPMT 2003]
(a) $CH_3 - \underset{\displaystyle |\atop Br}{CH} - CH_2 - CH_3$
(b) $CH_3 - \underset{\displaystyle |\atop CH_3}{CH} - CH_3$
(c) $\underset{\displaystyle |\atop Br}{CH_2} - CH_2 - \underset{\displaystyle |\atop CH_3}{CH_2}$
(d) ये सभी

**22.** एथेन के सम्बन्ध में कौनसा कथन सत्य नहीं है [AIIMS 1996]
(a) क्लोरीन द्वारा इसका क्लोरीनीकरण किया जा सकता है
(b) इसका उत्प्रेरित विहाइड्रोजनीकरण किया जा सकता है
(c) ऑक्सीकरण पर $CO_2$ तथा $H_2O$ उत्पन्न करता है
(d) यह आइसोब्यूटेन का सजात है

**23.** पेट्रोलियम परिशोधन है [AIIMS 1996; KCET 2004]
(a) पेट्रोलियम के आसवन द्वारा विभिन्न प्रभाज्य प्राप्त करना
(b) पेट्रोलियम में उपस्थित ऐलीफैटिक यौगिकों से ऐरोमैटिक यौगिक प्राप्त करना
(c) पेट्रोलियम का भंजन कर विभिन्न गैसीय यौगिक प्राप्त करना
(d) पेट्रोलियम का शुद्धीकरण करना

**24.** लैड युक्त पेट्रोल में कौनसा रसायन मिलाया जाता है जो ज्वलन कक्ष में लैड को जमा होने से रोकता है [Kerala (Med.) 2003]
(a) आइसो-ऑक्टेन (b) एथिलीन डाइब्रोमाइड
(c) टेट्राएथिल लैड (d) मर्केप्टेन
(e) *n*-हैप्टेन

**25.** व्यापारिक गैसोलीन में अधिक वांछनीय हाइड्रोकार्बन्स हैं [CBSE PMT 1997; AFMC 1997]
(a) शाखांकित हाइड्रोकार्बन्स
(b) सीधी-श्रृंखला युक्त हाइड्रोकार्बन्स
(c) रैखिक असंतृप्त हाइड्रोकार्बन्स
(d) टॉलुईन

**26.** सूर्य के प्रकाश में मेथेन से $Cl_2$ की क्रिया द्वारा निम्न में से क्या नहीं बनता [AIIMS 1987]
(a) $CHCl_3$ (b) $CH_3Cl$
(c) $CH_3CH_3$ (d) $CH_3CH_2CH_3$

**27.** निम्न में से किस यौगिक का क्वथनांक सबसे अधिक है [DPMT 1986]
(a) नियोपेण्टेन (b) *n*-ब्यूटेन
(c) *n*-हैप्टेन (d) आइसोब्यूटेन

**28.** निम्न में से कौन जल से अभिक्रिया करके $CH_4$ देता है [CPMT 1974, 79; NCERT 1976; IIT-JEE 1990]
(a) सिलिकॉन कार्बाइड (b) कैल्शियम कार्बाइड
(c) एल्यूमीनियम कार्बाइड (d) आयरन कार्बाइड

**29.** निम्न में से कौनसा यौगिक $PCl_5$ से अभिक्रिया नहीं करता [CPMT 1973]
(a) $CH_3OH$ (b) $CH_3COOH$
(c) $CH_3CHO$ (d) $C_2H_6$

**30.** निम्न में से कौनसा यौगिक सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ गर्म करने पर भी नहीं घुलता है [IIT-JEE 1983]
(a) एथिलीन (b) बेंजीन
(c) हैक्सेन (d) एनिलीन

**31.** मेथिल मैग्नीशियम ब्रोमाइड तथा एथिल एल्कोहल की अभिक्रिया से बनता है [CPMT 1979; MNR 1986; UPSEAT 1999]
(a) मेथेन (b) एथेन
(c) प्रोपेन (d) ब्यूटेन

**32.** मेथेन और एथेन दोनों किससे एक पद में प्राप्त किये जा सकते हैं [CPMT 1974; MP PET 1995; AFMC 1998, 2000; BHU 2005]
(a) $CH_3I$ (b) $C_2H_5I$
(c) $CH_3OH$ (d) $C_2H_5OH$

**33.** पैराफिन मोम है [MP PMT 1986; CPMT 1993]
(a) एस्टर (b) एल्कोहल
(c) असंतृप्त हाइड्रोकार्बन (d) संतृप्त हाइड्रोकार्बन

**34.** 2-मेथिल ब्यूटेन के मोनोक्लोरीनीकरण से प्राप्त यौगिक के प्रतिबिम्बों जोड़ों की संख्या होगी [IIT-JEE 1997]
(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 1

**35.** पेट्रोलियम में मुख्यतः होता है [CPMT 1985, 94; KCET 1991]
(a) ऐलीफैटिक हाइड्रोकार्बन्स (b) ऐरोमैटिक हाइड्रोकार्बन्स
(c) ऐलीफैटिक एल्कोहल्स (d) इनमें से कोई नहीं

**36.** पेट्रोलियम ईथर का उपयोग होता है

(a) वसा एवं तेल, वार्निस व रबर के विलायक में
(b) ईंधन के रूप में
(c) (a) तथा (b) दोनों
(d) इनमें से कोई नहीं

37. निम्न में से किसे कोलतार से उत्पादित किया जाता है [MNR 1987; UPSEAT 2002]
(a) संश्लेषित रंग (b) दवाईयाँ
(c) इत्र (d) इन तीनों को

38. एल्केनों में बन्ध कोण होगा [MP PMT 1989; BHU 1996]
(a) $109.5^o$ (b) $109^o$
(c) $120^o$ (d) $180^o$

39. एल्केन बनाने में संतृप्त कार्बोक्सिलिक अम्ल के सोडियम या पोटेशियम लवण के सान्द्र जलीय विलयन का किया जाता है [CPMT 1985; MP PET 1999]
(a) जल-अपघटन (b) ऑक्सीकरण
(c) हाइड्रोजनीकरण (d) विद्युत-अपघटन

40. एल्केनों का हैलोजनीकरण उदाहरण है [MP PET 1993; KCET 1998]
(a) इलेक्ट्रोफिलिक प्रतिस्थापन का
(b) न्यूक्लियोफिलिक प्रतिस्थापन का
(c) मुक्त-मूलक प्रतिस्थापन का
(d) ऑक्सीकरण का

41. जब प्रोपियोनिक अम्ल को हाइड्रोआयोडिक अम्ल के साथ फॉस्फोरस की सूक्ष्म मात्रा की उपस्थिति में अपचयित किया जाता है, तो निर्मित उत्पाद है [JIPMER 1997]
(a) एथेन (b) प्रोपेन
(c) ब्यूटेन (d) इनमें से कोई नहीं

42. जब एथिल आयोडाइड तथा प्रोपिल आयोडाइड धातु सोडियम से ईथर की उपस्थिति में क्रिया करते हैं तो प्राप्त होता है [BHU 1997]
(a) एक एल्केन (b) दो एल्केन
(c) चार एल्केन्स (d) तीन एल्केन्स

43. वह एल्केन जो दो मोनोब्रोमो समावयवी व्युत्पन्न बनाती है [EAMCET 1997]
(a) नियोपेण्टेन (b) एथेन
(c) मेथेन (d) प्रोपेन

44. कैरोसीन किसका मिश्रण है [CPMT 1979; AFMC 1992]
(a) एल्केन (b) एरोमैटिक यौगिक
(c) एल्कोहल (d) एलिफैटिक अम्ल

45. जब पेट्रोलियम को गर्म किया जाता है तो निकलने वाली वाष्प में मुख्यतः होगा [CPMT 1981]
(a) कैरोसीन (b) पेट्रोलियम ईथर
(c) डीजल (d) मशीनी तेल

46. पेट्रोल में आइसो-ऑक्टेन मिलायी जाती है [NCERT 1972]
(a) अकार्बनिक पदार्थों को अवक्षेपित करने के लिए
(b) पेट्रोल का जमना रोकने के लिए
(c) पेट्रोल का क्वथनांक बढ़ाने के लिए
(d) अपस्फोटनरोधी के रूप में

47. टेट्राएथिल लैड किस रूप में प्रयुक्त होता है [NCERT 1976, 79; DPMT 1984; CPMT 1989, 91; BHU 1995]
(a) अग्निशामक (b) पीड़ा विनाशक
(c) पेट्रोलियम योगशील (d) मच्छर प्रतिकर्षी

48. हाइड्रोकार्बन साइक्लोहैक्सेन जल पर तैरता है क्योंकि [NCERT 1976]
(a) यह जल में अमिश्रणीय है
(b) उसका घनत्व जल की अपेक्षा कम है
(c) यह एक अध्रुवी पदार्थ है
(d) यह अमिश्रणीय है तथा जल की अपेक्षा हल्का है

49. प्राकृतिक गैस में मुख्य रूप से होती है [MNR 1990; UPSEAT 1999, 2000, 01, 02; BCECE 2005]
(a) मेथेन (b) *n*-ब्यूटेन
(c) *n*-ऑक्टेन (d) ऑक्टेन का मिश्रण

50. निम्न में से कौनसा यौगिक (जल्दी से) दहनशील नहीं है [MP PET 2001]
(a) $CCl_4$ (b) $C_2H_5OH$
(c) $CH_4$ (d) $C_6H_6$

51. निम्न में से किस विधि द्वारा प्रोपीन से प्रोपेन प्राप्त किया जा सकता है [CBSE PMT 2001; AFMC 2001]
(a) वुर्ट्ज अभिक्रिया (b) विहाइड्रोजनीकरण
(c) फ्रेंकलैण्ड अभिक्रिया (d) उत्प्रेरकीय हाइड्रोजनीकरण

52. पेट्रोलियम में यह कार्बनिक यौगिक अपस्फोटरोधी पदार्थ के रूप में प्रयुक्त होता है [DCE 1999; CPMT 2000; Pb. CET 2000; MP PET 2001]
(a) $(C_2H_5)_4Pb$ (b) *TNT*
(c) $CH_3MgBr$ (d) $(C_2H_5)_2Hg$

53. हाइड्रोकार्बन के उत्प्रेरकीय हाइड्रोजनीकरण में, निम्न उत्प्रेरक अधिकांशतः उपयोग करते हैं [DCE 2001]
(a) $Pt/Ni$ (b) $Pd$
(c) $SiO_2$ (d) मिश धातु

54. एथिलीन ब्रोमीन से क्रिया कर देता है [MP PET 2001]
(a) $Br-CH_2-CH_3$ (b) $CH_3-CBr_3$
(c) $Br-CH_2-CH_2Br$ (d) $CHBr_3$

55. अपरिष्कृत पेट्रोलियम तेल से गैसोलीन प्राप्त करते हैं उसके [MP PMT 1999]
(a) प्रभाजी आसवन द्वारा (b) निर्वात आसवन द्वारा
(c) भापीय आसवन द्वारा (d) ताप-अपघटन द्वारा

56. निम्नलिखित में से किसमें एल्केन प्राप्त नहीं होता है [MP PMT 1999]
(a) $CH_3I$ की *Na* से ईथर में अभिक्रिया
(b) सोडियम एसीटेट की सोडा-लाइम से अभिक्रिया
(c) सान्द्र सोडियम ऐसीटेट के विलयन का विद्युत-अपघटन
(d) एथिल क्लोराइड की एल्कोहलीय *KOH* से अभिक्रिया

57. एल.पी.जी. एक मिश्रण है [MP PMT 1999; KCET 2005]
(a) $C_6H_{12}+C_6H_6$ (b) $C_4H_{10}+C_3H_8$
(c) $C_2H_4+C_2H_2$ (d) $C_2H_4+CH_4$

58. कार्बन-ब्लैक जोकि छापे की स्याही में प्रयुक्त होता है, निम्न के विघटन से मिलता है [MP PET 1993]
(a) एसीटिलीन (b) बेन्जीन

(c) कार्बन टेट्राक्लोराइड (d) मेथेन

59. टेट्रा-एथिल लैड को पेट्रोल में मिलाने से [MP PET 1993]
(a) इसकी ऑक्टेन संख्या घटती है
(b) इसकी ऑक्टेन संख्या बढ़ती है
(c) ऑक्टेन संख्या घट या बढ़ सकती है
(d) ऑक्टेन संख्या अपरिवर्तित रहती है

60. निम्न में से कौनसा सबसे अधिक क्वथनांक वाला यौगिक है [IIT-JEE 1982; MP PMT 1986; MADT Bihar 1995; Pb. PMT 1999]
(a) *n*-हैक्सेन (b) *n*-पेण्टेन
(c) 2, 2-डाइमेथिल प्रोपेन (d) 2-मेथिल ब्यूटेन

61. इंजन में अपस्फोटी ध्वनि उत्पन्न होती है जब ईंधन [CPMT 1981]
(a) धीरे जलता है
(b) तेजी से जलता है
(c) जलयुक्त होता है
(d) मशीन तेल के साथ मिश्रित होता है

62. पेट्रोलियम मुख्यतः किसका मिश्रण है [CPMT 1984; Pb. PMT 1999]
(a) एल्केन (b) साइक्लोहैक्सेन
(c) बेंजेनाइड हाइड्रोकार्बन (d) एल्कीन

63. निम्न में से किसका क्वथनांक अधिकतम होगा [IIT-JEE 1986; MP PMT 1986; CPMT 1989]
(a) आइसो-ऑक्टेन
(b) *n*-ऑक्टेन
(c) 2, 2, 3, 3-टेट्रामेथिल ब्यूटेन
(d) *n*-ब्यूटेन

64. किसी पदार्थ के जलीय घोल का विद्युत-अपघटन करने पर एथेन प्राप्त होता है। वह पदार्थ है [NCERT 1983; MP PET 1985; CPMT 1975, 79]
(a) एसीटिक अम्ल (b) एसीटामाइड
(c) पोटेशियम एसीटेट (d) एथिल एसीटेट

65. निम्न में से कौनसा कार्बन डाइ-सल्फाइड में बने ब्रोमीन के विलयन का रंग नहीं उड़ाता [MP PET 1986]
(a) एसीटिलीन (b) प्रोपीन
(c) एथेन (d) प्रोपाइन

66. निर्जलीय सोडियम ऐसीटेट को सोडालाइम के साथ गर्म करने से प्राप्त होता है [CPMT 1972, 84; Pb. CET 2001, 2003]
(a) एसीटिक अम्ल (b) मेथेन
(c) कैल्शियम एसीटेट (d) एथेन

67. वाटर गैस है [CPMT 1993, 2004; Pb. PMT 2004]
(a) $CO + CO_2$ (b) $CO + N_2$
(c) $CO + H_2$ (d) $CO + N_2 + H_2$

68. एक गैसोलीन के नमूने में 81% आइसो-ऑक्टेन एवं 19% *n*-हैप्टेन है। इसकी ऑक्टेन संख्या होगी [MP PMT 1995]
(a) 19 (b) 81
(c) 100 (d) 62

69. प्राकृतिक पेट्रोलियम में उपस्थित है [MP PMT 1995]
(a) संतृप्त हाइड्रोकार्बन (b) चक्रीय संतृप्त हाइड्रोकार्बन
(c) गंधक के यौगिक (d) इनमें से सभी

70. पोटेशियम एसीटेट के जलीय विलयन के विद्युत अपघटन से एथेन बनाने की विधि कहलाती है [MP PMT 1995]
(a) वुर्ट्ज अभिक्रिया (b) साबातिये-सैण्ड्रन्स अभिक्रिया
(c) कोल्बे संश्लेषण (d) ग्रिगनार्ड अभिक्रिया

71. $CH_3-\underset{|}{\overset{}{C}}(CH_3)=CH_2$ और $CH\equiv CH$ पर हाइड्रोजन क्लोराइड की अभिक्रिया से प्राप्त होने वाले यौगिक प्रमुखतः होंगे, क्रमशः
(a) $CH_3-CH(CH_3)=CH_2Cl$ और $CH_2Cl-CH_2Cl$
(b) $CH_3-CCl(CH_3)=CH_3$ और $CH_3-CHCl_2$
(c) $CH_3-CH(CH_3)=CH_2Cl$ और $CH_3-CHCl_2$
(d) $CH_3-CH(CH_3)=CH_3$ और $CH_2Cl-CH_2Cl$

72. श्रृंखला में कार्बन परमाणुओं की संख्या ......... एल्केन्स का क्वथनांक बढ़ता है [AFMC 1989]
(a) बढ़ने से (b) घटने से
(c) स्थिर रहने से (d) बढ़ने या घटने से

73. कच्चे पेट्रोलियम के प्रभाजी आसवन में [Roorkee 1989]
(a) पेट्रोल कॉलम की तली पर संघनित होता है
(b) गैसें कॉलम के शीर्ष पर संघनित होती हैं
(c) उच्च क्वथनांक वाले घटक कॉलम की तली पर संघनित होते हैं
(d) उच्च क्वथनांक वाले घटक कॉलम के शीर्ष पर संघनित होते हैं

74. निम्न में से कौन ऊष्माशोषी अभिक्रिया नहीं है [J & K 2005]
(a) विहाइड्रोजनीकरण
(b) एथेन से एथीन में
(c) प्रोपेन का दहन
(d) क्लोरीन अणु का क्लोरीन परमाणु में परिवर्तन

75. गैसोलीन किसका नाम है [Roorkee 1989]
(a) कच्चा तेल
(b) पेट्रोलियम के गैसीय घटक
(c) कच्चे तेल के आसवन से प्राप्त होने वाली असंघनित गैसों का मिश्रण
(d) कच्चे तेल के आसवन से प्राप्त होने वाले गैस तेल और अवशेष का मिश्रण

